संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-128 शनिवार, 09 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत



**बेंगलुरु ,08 मार्च 2024 (ए)।** सुप्री राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला दिवस पर बड़ा फैसला लेते हुए सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति ने एक समाचार एजेंसी से जानकारी मिलने पर कहा कि उन्होंने कभी किसी पद की लालसा नहीं की और 'उन्हें कोई जानकारी नहीं है' कि सरकार ने उन्हें संसद के उच्च सदन के लिए क्यों मनोनीत किया है।

### शाहजहां शेख के आवास पर सीबीआई का छापा



**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर छापेमारी की है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास पर ये छापे मारे गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों का भी दौरा किया। इलाके की वीडियोग्राफी भी कर रहे हैं और उसका नक्शा भी तैयार कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने 39 लोकसभा उम्मीद्वारों का किया ऐलान

## शशि थरूर को तिरुवनंतपुरम और भूपेश बघेल को पार्टी ने राजनांदगांव से चुनाव मैदान में उतारा

### राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे...




**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में 39 उम्मीदवारों के नाम हैं। बड़े नामों में राहुल गांधी के साथ ही भूपेश बघेल और शशि थरूर का नाम भी शामिल है। कांग्रेस की यह सूची भाजपा की 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के एक हफ्ते से भी कम वक्त में घोषित की गई है। हालांकि इस सूची में मुख्य रूप से दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों की सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है।

इस सूची से स्पष्ट है कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि 2019 की तरह वह अमेठी से भी चुनाव मैदान में उतरेंगे या नहीं. साथ ही इस सूची में शशि थरूर का नाम भी शामिल हैं, जो तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ेंगे। इस सीट पर थरूर लगातार तीन बार से सांसद हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुखे यमंत्री भूपेश बघेल को पार्टी ने राजनांदगांव से चुनाव मैदान में उतारा है।.

### डीके शिवकुमार के भाई को भी टिकट

इसके साथ ही कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल को केरल के अलप्पुझा से चुनाव मैदान में उतारा गया है। यह सीट उन्होंने 2009 में जीती थी। वहीं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश को भी पार्टी ने चुनाव मैदान में उतार दिया है।

### डीके सुरेश बेंगलुरु ग्रामीण से चुनाव लड़ेंगे

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं।

### केरल से 16, कर्नाटक से 7 नामों का ऐलान

इस सूची में मुख्य रूप से कुछ दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं। अन्य राज्यों में केवल छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप हैं. सर्वाधिक 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा केरल से की गई है, जहां कांग्रेस को अपने सहयोगियों के लिए शेष चार सीटें छोड़ने की उम्मीद है।

इसके बाद कर्नाटक से सात, छत्तीसगढ़ से छह और तेलंगाना से चार नामों की घोषणा की गई है. शेष मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और लक्षद्वीप की सीटों के लिए नामों की घोषणा की गई है.।

# सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को लगाई फटकार

## अगर पुलिस अफसर को जमानत दी जाती है तो...



**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने जांच प्रभावित करने के आरोपी एक पुलिस अधिकारी को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहाकि अगर पुलिस अधिकारी को जमानत दी जाती है तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। यह आम जनता के हित में नहीं होगा। कोर्ट ने कहाकि एक पुलिस अधिकारी का काम निष्पक्ष जांच करके दोषियों को दंड दिलाना है। कोर्ट ने यह भी कहाकि पुलिस अधिकारी अपनी प्राथमिक ड्यूटी निभाने में भी नाकाम रहा। जस्टिस विक्रम नाथ और संजय कुमार की बेंच ने यह फैसला झारखंड के एक मामले को लेकर सुनाया। बेंच ने यह भी कहाकि भले ही अधिकारी सस्पेंड है, लेकिन अपने प्रभाव से जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकता है। झारखंड हाई कोर्ट ने 6 जुलाई, 2022 को धनवर पुलिस थाना प्रभारी संदीप कुमार को अग्रिम जमानत दे दी थी। संदीप कुमार के ऊपर आरोप है कि उन्होंने जांच अधिकारी होते हुए भी एक अन्य पुलिस अधिकारी के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में दाखिल एफआईआर में हेरफेर की थी। ऐसा करके उन्होंने आरोपी पुलिस अधिकारी को बचाने की कोशिश की थी। उक्त पुलिस अधिकारी का नाम रंजीत कुमार सॉ है और उसके ऊपर धोखाधड़ी और जालसाजी की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। सॉ की गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारी संदीप ने एफआईआर में उसके पिता का नाम बदलकर बालगोविंद सॉ कर दिया था। इसके बाद उन्होंने रंजीत कुमार सॉ नाम के एक अन्य शख्स को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके पिता का नाम बालगोविंद था। इस तरह का गंभीर आरोप होने के चलते ट्रायल कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। लेकिन हाई कोर्ट ने कहाकि हाई कोर्ट ने उदारवादी रवैया अपनाते हुए उन्हें जमानत दे दी थी। हालांकि शीर्ष अदालत ने छह मार्च को सुनाए आने आदेश में हाई कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर दिया। कोर्ट ने एक पुलिस जांच अधिकारी को राहत देने से इनकार कर दिया, जिसके ऊपर दोषी को सजा दिलाने की जिम्मेदारी होती है।

# सामूहिक विवाह में हुआ फर्जीवाड़ा

## योजना का लाभ पाने महिला ने की दोबारा शादी

### पोल खुलने पर रोकी गई धनराशि

**कानपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित सरसौल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में एक और फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है.। यहां एक शादीशुदा महिला ने सरकारी योजना का लाभ पाने के लिए दोबारा शादी की और उपहार लेकर घर चली गई। जब यह मामला उच्च अधिकारियों को पता चला तो हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन-फानन में ब्लाक अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर शादी निरस्त कर योजना के तहत दी जाने वाली 35 हजार की राशि जारी करने पर रोक लगा दी गई है. साथ ही उपहार वापस कराने को अधिकारी लाभार्थी पर दबाव बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरसौल में बुधवार को रामनगर निवासी महिला ने सत्य छिपाकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में दोबारा शादी कर ली थी. उपहार देकर विदा कर दिया गया था। बाद में शादी निरस्त कर उपहार वापस लाए गए थे। वहीं गुरुवार को एक और मामला सामने आया है। महाराजपुर निवासी महिला ने भी बुधवार को दोबारा शादी की थी और उपहार लेकर घर चली गई. गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिव ओमकार की जांच में पोल खुली तो सरकार की तरफ से दी जाने वाली 35 हजार की धनराशि को रोक दी गई है.। पंचायत सचिव ने बताया कि महिला पहले से शादीशुदा है। तथ्य छिपाकर उसने बुधवार को दोबारा शादी कर ली।. अपात्र पाए जाने पर धनराशि पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा उपहार वापस लेकर शादी निरस्त कराई जाएगी।



# पुलिसकर्मी की वहशियाना हरकत सामने आई

## पुलिसकर्मी पर सड़क पर नमाज पढ़ रहे लोगों को लात से मारने का आरोप

**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** दिल्ली के इंद्रलोक से एक वीडियो वायरल हुआ है। यहां सड़क पर जुमे की नमाज चल रही थी। इस बीच एक पुलिसकर्मी अभद्रता करता दिखाई दिया। पुलिसकर्मी नामाज पढ़ रहे युवकों को लात मारता हुआ दिखाई दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिसकर्मी की इस हरकत के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोग भड़क गए और हंगामा शुरू हो गया। कुछ लोग वीडियो बनाते रहे. मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मी को घेर लिया।



इस मामले पर डीसीपी नॉर्थ मनोज मीणा का कहना है कि गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। लोगों से अपील है कि शांति बनाए रखें। आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कुछ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस वीडियो को ङ्क पर शेयर कर दिल्ली पुलिस पर कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है।



# 10 मई को खुलेंगे बाबा केदार धाम के कपाट

**देहरादून,08 मार्च 2024 (ए)।** उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख आ गई है। महाशिवरात्रि के पावन मौके पर तिथि घोषित की गई है। 10 मई को बाबा केदार के कपाट खुल जाएंगे. सुबह 7 बजे से कपाट खुलने पर श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने दी है। बता दें कि बर्फबारी की वजह से केदारनाथ के कपाट साल में 6 महीने बंद रहते हैं। मंदिर समिति ने बताया कि भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने की प्रक्रिया 6 मई से शुरू हो जाएगी।

# 100 रुपए सस्ता हुआ सिलेंडर

## महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान



**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मध्यमवर्गीय परिवार को बड़ी राहत देते हुए रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती की घोषणा की। यह घोषणा खुद पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए की है।पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'आज महिला दिवस पर हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती करने का फैसला किया है। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, खासकर हमारी नारी शक्ति को फायदा होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मदद बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।उन्होंने कहा, 'खाना पकाने की गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा उद्देश्य परिवारों की भलाई का समर्थन करना और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवनयापन को आसान बनाने में हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'

# आयकर विभाग ने कांग्रेस के 4 बैंक अकाउंट को कर दिया था बंद



**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** कांग्रेस को आयकर अपीलीय प्राधिकरण से झटका लगा है। कारण, आईटीएटी ने शुक्रवार को कांग्रेस की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें पार्टी ने अपने बैंक खातों पर आयकर विभाग की कार्रवाई पर स्टे पर की मांग की थी। दरअसल, आयकर विभाग ने कांग्रेस और यूथ कांग्रेस से जुड़े चार बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया था।. आयकर विभाग ने 210 करोड़ की रिकवरी मांगी है। यानी कांग्रेस को यह रकम पैनल्टी के तौर पर आयकर विभाग को देनी होगी। इसके खिलाफ पार्टी ने आयकर अपीलीय प्राधिकरण में अपील की थी, लेकिन इस अपील को खारिज कर दिया गया है। प्राधिकरण के आदेश की घोषणा के बाद कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने आईटीएटी से आदेश को 10 दिनों के लिए स्थगित रखने का आग्रह किया ताकि वे हाईकोर्ट में अपील दायर कर सकें। उन्होंने कहा, चूंकि आपने स्टे आवेदन खारिज कर दिया है, जिसके पार्टी के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। क्या मैं अदालत से आदेश को 10 दिनों के लिए स्थगित रखने का अनुरोध कर सकता हूं ताकि मैं हाईकोर्ट जा सकूं? हालांकि, अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया कि उन्हें इस तरह के आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। ये पूरा मामला 2018-2019 के इनकम टैक्स रिटर्न से जुड़ा है। आयकर विभाग ने कांग्रेस से पैनल्टी के तौर पर 210 करोड़ की रिकवरी मांगी है।

## ईडी ने भूषण स्टील कंपनी पर की बड़ी कार्रवाई

# जब्त की गई 325 करोड़ की संपत्ति



**नई दिल्ली,08 मार्च 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से शुक्रवार को भूषण स्टील लिमिटेड के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई की गई। इसके तहत कंपनी की दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और ओडिशा के कुछ शहरों में 367 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की गई है। बता दें, ईडी काफी समय से भूषण स्टील लिमिटेड के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी ये जुड़े मनीलॉड्रिंग के मामले की जांच कर रहा है। ईडी की ओर से बताया गया कि पीएमएलए के तहत फर्जी निदेशकों के माध्यम से बेनामीदारों/ फर्जी कंपनियों के नाम पर की गई संपत्तियों को कुर्क करने के लिए आदेश जारी किया गया है। बता दें, कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया के तहत 2018 में टाटा स्टील भूषण स्टील के कारोबार का अधिग्रहण कर चुका है।ईडी ने कहा कि भूषण स्टील के एमडी नीरज सिंगल और सहयोगियों ने 'कई फर्जी कंपनियां' बनाई थीं। इन कंपनियों की श्रंखला के जरिए बैंक से कर्ज में लिए पैसों को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर किया गया। इस धन को पूंजी के रूप में लगाने, संपत्ति खरीदने और अन्य व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए भेजा गया था जबकि कर्ज देने वाले बैंकों का यह इरादा नहीं था। ऐसा करने के लिए कई फर्जी दस्तावेज भी बनाए गए। बीएसएल के प्रबंध निदेशक सिंगल को ईडी ने जून, 2023 में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत जेल में है। एजेंसी ने कंपनी के पूर्व उपाध्यक्ष (बैंकिंग) पंकज तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष (लेखा) पंकज अग्रवाल, पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी नितिन जौहरी, सिंगल की बहन अर्चना मित्तल और बहनोई अजय मित्तल को जनवरी में गिरफ्तार किया था। इनमें से अर्चना को जमानत मिल गई है जबकि बाकी सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

# दूल्हे को बिना दुल्हन लिए खाली बारात लेकर वापस लौटना पड़ा

**कुशीनगर,08 मार्च 2024 (ए)।** यूपी के कुशीनगर में दूल्हे की हरकतों ने बारातियों को मुश्किल में डाल दिया। मामला पुलिस तक पहुंच गया। दरअसल तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में बिहार के पश्चिमी चंपारण से आई बारात आई थी। बारातियों का जोरदार स्वागत-सत्कार किया गया। इसके बाद शादी की रस्में शुरू हुईं। सबसे पहले जयमाल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयमाल के दौरान जब दुल्हन अपनी सहेलियों के साथ स्टेज पर पहुंची तो दूल्हे की हरकतें देखकर दंग रही गई। दुल्हन को कुछ आभास भी हुआ लेकिन वह चुप रही। इसके बाद दूल्हा जब जयमाल के आगे दुल्हन की तरह बढ़ा तो दुल्हन को दुल्हे के मुंह से दुर्गंध आनी शुरू हो गई। इसके बाद दुल्हन स्टेज पर रोने लगी। दुल्हन को रोता देखकर लड़की वालों ने तुरंत पुलिस बुला ली। साथ ही बारातियों को दरवाजे पर ही रोक दिया। शादी में पहुंची पुलिस ने सीधे दूल्हे को पकड़ा और थाने ले गई। बाद में बिना दुल्हन के ही बारात को वापस ले जाना पड़ा। क्षेत्र के एक गांव में बिहार प्रांत के ग्राम गौरीपुर जनपद पश्चिम चम्पारण से बारात आई थी। द्वारपूजा के बाद जयमाला के समय दूल्हे के स्टेज पर आने के थोड़ी देर बाद ही दुल्हन भी अपनी सहेलियों के साथ पहुंची। एक-दूसरे के गले में डालने के लिए दोनों को जयमाल दी गई। इस दौरान दूल्हे का व्यवहार कुछ अलग दिखा, जिसका आभास दुल्हन को हो गया। थोड़े नजदीक होने पर दूल्हे के मुंह से निकल रही शराब की गंध से उसका शक पुख्ता हो गया इसके बाद वरमाला डालने से इनकार करते हुए वह स्टेज पर ही रोने लगी। इस बात की जानकारी वधू के पिता व परिवार को होते ही सभी लोग आक्रोशित हो उठे और बारातियों को दरवाजे पर ही रोक लिया गया। इसके बाद शादी संपन्न कराने के लिए देर रात तक मान-मनौव्वल चलती रही। इस बीच वधू पक्ष द्वारा अन्य बारातियों को रात में ही छोड़ दिया गया लेकिन दूल्हे सहित उसके परिवार के लोगों को बंधक बना लिया गया। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दूल्हे को थाने लेकर चली आयी। गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे वर पक्ष की ओर से वधू पक्ष को खर्च हुई रकम लौटाई गई।



## संपादकीय

### सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है। भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे-इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है।इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन-देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक-साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए।

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता ?

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है।मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं?आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। देयर इज नो ऑल्टरनेटिव' यानी टीना' फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है। अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिव' यानी सीटा बनाम टीना' फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। शाइनिंग इंडिया' और फीलगुड' के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और



लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है। आंखों के सामने परदा डाल देती है। तकनीक, आंकड़ों और मोदी के निजी करिश्मे से भाजपा की टीम ऐसा नैरेटिव बना रही है कि हैरानी नहीं होगी अगर सचमुच भाजपा नेता इस भरोसे में बैठे हों कि चुनाव जीत रहे हैं।अगर ऐसा भरोसा है तो यह अति आत्मविश्वास नहीं, बल्कि उससे आगे की चीज है। इसे अहंकार कह सकते हैं। यह जनता और मतदाताओं को फॉर गारंटेड लेने या अपना पिछलग्गू मानने की सोच है। चुनाव प्रचार में किसी पार्टी द्वारा जीत का दावा करने और मंत्रिपरिषद की बैठक करके अपनी जीत की गारंटी बताने के बीच के फर्क को समझने की जरुरत है। पार्टियां चुनाव प्रचार में बड़ी से बड़ी जीत का दावा करती हैं, भरोसा जताती हैं, आत्मविश्वास दिखाती हैं लेकिन जब सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक करके अगली सरकार का एजेंडा तय किया जाए तो उसे आत्मविश्वास नहीं कहेंगे। यह अति आत्मविश्वास से भी आगे की चीज है।तो क्या यह माना जाए कि प्रधानमंत्री मोदी में अहंकार आ गया है और वे मतदाताओं को फॉर गारटेंड मान रहे हैं? अगर ऐसा है तो फिर वोट मांगने जाने की भी क्या जरुरत है या मतदाता मालिकों के आगे सिर झुकाने, उन्हें अपना परिवार बताने और उनसे तीसरा मौका देने का अनुरोध करने की क्या जरुरत है? जाहिर है असलियत वह नहीं है, जो दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जो दिन-रात एक किए हुए हैं वह अलग कहानी बयां कर रही है। उससे ऐसा लग रहा है कि तीसरी बार की जो मुश्किलें होती हैं उनका सामना पार्टी कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों को चुनौतियों का अंदाजा है। भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार नहीं आए इसके लिए कांग्रेस सहित विपक्ष की हर पार्टी तोड़ी जा रही है। दूसरी पार्टियों के नेताओं को खुले दिल से भाजपा में आमंत्रित किया जा रहा है और उनकी हैसियत से हिसाब से राज्यसभा दी जा रही है या लोकसभा की टिकट दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है वहां पहले से तोड़-फोड़ करके यात्रा को फेल करने के जतन किए जा रहे हैं। इन सबसे तो ऐसा नहीं लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी आसानी से चुनाव जीतने के आत्मविश्वास में है।कायदे से ऐसा ही होना चाहिए। हर चुनाव इस तरह से लड़ा जाना चाहिए, जैसे पहली बार लड़ रहे हों और जीवन का आखिरी चुनाव हो। मोदी और अमित शाह हमेशा इसी तरह से चुनाव लड़ते हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जीत का विश्वास भर रहे हैं और मतदाताओं का एक बड़ा समूह, जो आखिरी समय तक अनिश्चय की स्थिति में रहता है उसको समझा रहे हैं कि उसे अपना अनिश्चय समाप्त करना चाहिए और अनिर्णय की स्थिति से निकल कर भाजपा को वोट देना चाहिए क्योंकि भाजपा जीत ही रही है।मंत्रिपरिषद की बैठक में सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा करके प्रधानमंत्री ने यही मैसेज बनवाया। उससे पहले संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री ने भाजपा को 370 और एनडीए को चार सौ सीट का जो दावा किया और अपनी बात के प्रमाण के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण का आधा अधूरा संदर्भ दिया उसके पीछे भी मकसद यही था।इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री ने जो यह दावा किया कि दुनिया भर के देशों से जुलाई-अगस्त का न्योता मिल रहा है क्योंकि दुनिया के देश भी मान रहे हैं कि आएगा तो मोदी ही, उसका भी मकसद यह धारणा बनवाना था कि भाजपा जीत रही है। इस तरह के दावों से भाजपा हवा बना रही है। असल में भाजपा इस चुनाव को पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण मान रही है इसलिए राममंदिर और अनुच्छेद 370 के बावजूद दस तरह के उपाय किए जा रहे हैं।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लघुकथा : अनुशासन



क्या...आधे घंटे और लग जाएँगे आपको यहाँ तक पहुंचने में ? एम. एल. ए. साहब यहाँ सारी तैयारियाँ हो चुकी हैं। हमारे 2000 विद्यार्थियों के सैकड़ों अभिभावक और अनेक गणमान्य नागरिक झंडारोहण के लिए आपका इंतजार कर रहे हैं।

हाँ, तो ठीक है न प्रिंसिपल साहब। आधे घंटे की ही तो बात है। आ जाएँगे हम। एम. एल. ए. ने कहा।

सॉरी सर, मैं आपके आधे घंटे के चक्कर में इन हजारों लोगों का आधा-आधा घंटा जाया नहीं कर सकता। हम यहाँ बच्चों को अनुशासन और समय प्रबंधन का पाठ पढ़ाते हैं। इसलिए मुझे स्वयं भी इसका पालन करना होगा। माफ़ कीजिएगा सर, मैं शाला विकास समिति के अध्यक्ष महोदय से झंडारोहण कराकर आगे का कार्यक्रम शुरू करा रहा हूँ। आप चाहें तो बाद में आकर हमारा कार्यक्रम ज्वाइन कर सकते हैं। कह कर प्रिंसिपल ने फोन काट दिया।



**डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा**
रायपुर छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जब महिला होगी सशक्त,तब देश उन्नति में न लगेगा वक्त

आज के आधुनिक समय में महिला उत्थान एक विशेष विचारणीय विषय है। हमारे आदि ग्रंथों में नारी के महत्व को मानते हुए यहाँ तक बताया गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते है।

लेकिन विडम्बना तो देखिए नारी में इतनी शक्ति होने के बावजूद भी उसके उत्थान की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। यह आवश्यकता इसलिये पड़ी क्योंकि प्राचीन समय से भारत में लैंगिक असमानता, सती प्रथा, नगर वधु व्यवस्था, दहेज प्रथा,यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, गर्भ में बच्चियों की हत्या, पर्दा प्रथा, कार्यस्थल पर यौन शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह तथा देवदासी प्रथा आदि परंपरा रही। इस तरह की कुप्रथा का कारण पितृसत्तात्मक समाज और पुरुष श्रेष्ठता मनोग्रन्थि रही। महिलाओं को उनके अपने परिवार और समाज द्वारा कई कारणों से दबाया गया तथा उनके साथ कई प्रकार की हिंसा हुई और परिवार और समाज में भेदभाव भी किया गया। ऐसा सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी दिखाई पड़ता है।

भारतीय समाज में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है लेकिन इसका ये कतई मतलब नहीं कि केवल महिलाओं को पूजने भर से देश के विकास की जरूरत पूरी हो जायेगी। आज जरूरत है कि देश की आधी आबादी यानि महिलाओं का हर क्षेत्र में सशक्तिकरण किया जाए जो देश के विकास का आधार बनेंगी। इसीलिए महिलाओं के उत्थान के लिये एक स्वस्थ परिवार की जरुरत होती है जो राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक है। आज भी कई पिछड़े क्षेत्रों में माता-पिता की अशिक्षा, असुरक्षा और गरीबी की वजह से कम उम्र में विवाह और बच्चे पैदा करने का चलन रहता है। 2018 में यूनिसेफ के एक रिपोर्ट द्वारा पता चलता है, कि भारत में अब भी हर वर्ष लगभग 15 लाख लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले ही कर दी जाती है, जल्द शादी हो जाने के कारण महिलाओं का विकास रुक जाता है। साथ ही साथ कन्या भ्रूण हत्या जैसी शोषण भी घटित होते है। जहाँ गर्भ में ही लिंग की जांच करा कर बच्चियों का गर्भपात करा दिया जाता है। हालांकि सरकार ने गर्भ में लिंग जाँच पर प्रतिबंध लगाया हुआ है फिर भी कई जगहों पर ये घटनाएं देखने को मिलती है। कन्या भ्रूण हत्या के कारण ही हरियाणा और जम्मू कश्मीर जैसे प्रदेशों में स्त्री और पुरुष लिंगानुपात में काफी ज्यादे अंतर आ गया है। लैंगिक असमानता भारत में मुख्य सामाजिक मुद्दा है जिसमें महिलाएँ पुरुषवादी प्रभुत्व देश में पिछड़ती जा रही है। इसके लिए महिलाओं को समझना होगा कि यह उनका जन्मसिद्ध अधिकार है कि उन्हें समाज में पुरुषों के बराबर महत्व मिले।



महिलाओं को मजबूत बनाने के लिये महिलाओं के खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार, लैंगिक भेदभाव, सामाजिक अलगाव तथा हिंसा आदि को रोकने की जरूरत है। आज भी कई पुरानी और रूढ़िवादी विचारधाराओं के कारण भारत के कई सारे क्षेत्रों में महिलाओं के घर छोड़ने पर पाबंदी होती है। इस तरह के क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षा का हक नही होता(भारत में महिला शिक्षा दर 64.6 प्रतिशत है जबकि पुरुषों की शिक्षा दर 80.9 प्रतिशत है) या फिर रोजगार के लिए घर से बाहर जाने के लिए आजादी नही होती है। इसके साथ ही उन्हें आजादीपूर्वक कार्य करने या परिवार से जुड़े फैसले लेने की भी आजादी नही होती है और उन्हें सदैव हर कार्य में पुरुषों के अपेक्षा कमतर ही माना जाता है। समान कार्य को समान समय तक करने के बावजूद भी महिलाओं को पुरुषों के अपेक्षा काफी कम भुगतान किया जाता है, यह भी लैंगिक असमानता का एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसके अतिरिक्त महिलाओं की असुरक्षा भी महिला उत्थान में एक बड़ी बाधा है। महिला उत्थान के लिए समय-समय पर अनेकों लोगों राजा राम मोहन रॉय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, आचार्य विनोभा भावे, स्वामी विवेकानंद ने अपनी आवाज उठायी और कड़ा संघर्ष किया। आज भी अनेको एन.जी.ओ. और सरकार भी महिला उत्थान के लिए कार्यरत है। जैसे-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, महिला हेल्पलाइन योजना, उज्ज्वला योजना, सपोर्ट टू ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम फ़ॉर वीमेन, महिला शक्ति केंद्र, पंचायती राज योजनाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण आदि। कानूनी अधिकार के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये संसद द्वारा पास किये गये कुछ अधिनियम है एक बराबर पारिश्रमिक एक्ट 1976, दहेज रोक अधिनियम 1961, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956, मेडिकल टर्म्नेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1987, बाल विवाह रोकथाम एक्ट 2006, लिंग परीक्षण तकनीक (नियंत्रक और गलत इस्तेमाल के रोकथाम) एक्ट 1994, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण एक्ट 2013।

ऐसा नही है कि इतनी सब योजनाओं, प्रयासों और कानून के बाद भी बदलाव नहीं हुआ या हो रहा है। परिवर्तन तो आया है, पिछले कुछ वर्षों में हमें महिला सशक्तिकरण का फायदा मिल रहा है। महिलाएँ अपने स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी, तथा परिवार, देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी को लेकर ज्यादा सचेत रहती है। वो हर क्षेत्र में प्रमुखता से भाग लेती है और अपनी रुचि प्रदर्शित करती है। अंततः कई वर्षों के संघर्ष के बाद सही राह पर चलने के लिये उन्हें उनका अधिकार मिल रहा है। लेकिन यह बदलाव बहुत निम्न स्तर पर हो रहा है। इसके लिये महिला उत्थान में तेजी लाने की जरूरत है। क्योंकि विज्ञान भी यह बात मानता है कि महिलाएं जब एक बार अपना कदम उठा लेती है तब परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है। इसीलिए...

होगी जब महिला सशक्त। देश उन्नति में न लगेगा वक्त।।



**सोनल मंजू श्री ओमर**
राजकोट, गुजरात

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सदाशिव

मैं कालों का काल हूँ
मैं ही तो महाकाल हूँ।
सत्य का पालनहार हूँ
असत्य का करता
सदा विनाश हूँ।
मैं देवों का देव हूँ
मैं ही तो महादेव हूँ।
अंधकार में करता प्रकाश हूँ
अंत का भी करता आरंभ हूँ
तभी तो मैं परमांनद हूँ।
मैं महाकाली का महाकाल हूँ
करता समय आने पर
काल भी विनाश हूँ
तभी तो सदाशिव महाकाल हूँ।



**डॉ.राजीव डोगरा**
जनयानकड़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## भाग्य में मुक्ति ही मुक्ति हो

ऐ सुख! तुम्हारे सुख क्षणिक हैं ।
आज है तो,कल नही है ।
जीवन है वह बदली जिसके
भाग्य में नीर नही है ।
ऐ खुशी! तुम्हारी खुशी क्षणिक हैं ।
आज है तो कल नही है ।
जीवन है वह बदली जिसके,
भाग्य में नीर नही है ।
ऐ हँसी! तुम्हारी हँसी क्षणिक है ।
आज है तो कल नही है ।
जीवन है वह बदली जिसके,
भाग्य में नीर नही है ।
ऐ लक्ष्मी! तुम्हारी लक्ष्मी क्षणिक है ।
आज है तो कल नही है ।
जीवन है वह बदली जिसके,
भाग्य में नीर नही है ।
ऐ विद्या !तुम्हारी विद्या क्षणिक नही है ।
आज हो तो कल भी हो।
जीवन बनता वह सरिता जिसके,
भाग्य में नीर ही नीर है।
ऐ मेधा! तुम्हारी मेधा क्षणिक नही है
आज हो तो कल भी हो।
जीवन बनता वह सरिता जिसके,
भाग्य में नीर ही नीर हो।
ऐ द्युति! तुम्हारी द्युति क्षणिक नही है
आज हो तो कल भी हो।
जीवन बनता वह सरिता जिसके,
भाग्य में नीर ही नीर हो।
ऐ भक्ति तुम्हारी भक्ति क्षणिक नही है
आज हो तो कल भी हो।
जीवन बनता वह सरिता जिसके
भाग्य में मुक्ति ही मुक्ति हो।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा ,राजस्थान।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## करो शिव जी तांडव नर्तन

इस घोर कलयुग में महाकाल बन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
पापों से लद रही है धरती ,
अनाचार को नित निहारे नीलाम्बर ।
सच के कंधे पर बंदूक रख ,
शांति को साध रहा आडम्बर ।
नवसृजन को सृष्टि में हों परिवर्तन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
मलीन हो रही सुरसरिता ,
मिट चली गिरिवर की शान ।
ऊब से गये झील-झरोखे ,
चहुँ ओर नैसर्गिक अवसान ।
प्रलय चाहता अब जड़ और चेतन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
बेटा भूलता पितृभाव को ,
न मातृस्नेह को समझ पाता ।
टूट रही संवेदनाएँ सारी ,
धुमिल हुआ सब रिश्ता-नाता ।
भाई को खटकता बहन का यौवन
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
पथभ्रष्ट हो गया धर्म ,
विस्मृत हुआ गीता का ज्ञान ।
अंधे धृतराष्ट्र के राज्य में ,
युवराज है दुर्योधन समान ।
आज न कोई पांडव न मधुसूदन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
नौ दिनों तक पूजा होती ,
जिस पर श्रद्धासुमन चढ़ाते हैं ।
यह कैसी भक्ति कलयुग की ,
एक रूप का शील चुराते हैं ।
माँ-बाप का बोझ बेटी का कुवाँरापन
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
अगर अब होगा सागर मंथन ,
मैं सुधा छोड़ विष पीऊँगा ।
दानव सम मानव नगरी में ,
मैं मानव बन नहीं जीऊँगा ।
प्रलय चाह को इत्-उत् डोलै मेरा मन
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।



**टीकेश्वर सिन्हा**
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## साथ खुद का देकर

नारी जीवन बहुत कठिन,
परिश्रम का जीवन पर्यन्त
बजता बीन,
कुछ करो तो कोलाहल,
ना करो तो कोहराम।
रूको तो शंका,
रूकने में असमर्थ,
बदनामी का बजता घण्टा।
निलय ना एक,
पर काम सब जहाँ का,
कैसे बयां करूँ?
औरत होना दर्द कहाँ-कहाँ
का?
बचपन से सुनना खरी-
खोटी,
गुन एक ना अच्छा, जाओ
बनाओ रोटी।
कानों की सहनशक्ति देखो,
पुरूष का धमकाना,कर
दूंगा बोटी बोटी।
पर आखिर कब तक,हमें
खूँटे से बांधा जायेगा?
बिना हमें सुने बस सुनाया
जायेगा?
हमारी सक्षमता,कोई क्यूँ ना
देख पाता है?
समर्पण; घर को दिन रात
सजाता है।
प्रतिभा की पहचान करनी
है तुमको,
खुद से बहुत लड़ाई लड़नी
है तुमको ।
रूकावटें कालीन बनकर
बिछी हैं राहों में,
साथ खुद का देकर,स्वंय
को साबित करना है
तुमको।



**प्रतिभा पाण्डेय प्रति**
चेन्नई, तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं शिव

देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। 'महाशिवरात्रि' पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 8 मार्च को संध्याकाल 9 बजकर 57 मिनट पर होगी, जिसका समापन 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव जी की पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से 9 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के चार प्रहर मुहूर्त हैं। रात्रि प्रथम प्रहर पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से रात 9 बजकर 28 मिनट तक है, रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा का समय रात 9 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च की सुबह 12 बजकर 31 मिनट तक, रात्रि तृतीय प्रहर पूजा का समय 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 3 बजकर 34 मिनट तक और रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा का समय 9 मार्च प्रातः 03.34 से 06.37 बजे तक है जबकि व्रत पारण समय 9 मार्च की सुबह 6 बजकर 37 मिनट से दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं।

सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं



शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ''जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।''शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# महाशिवरात्रि पर उमड़ी आस्था, मंदिरों में भक्तों की लगी रही भीड़

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। मंदिरों में प्रातः 5 से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। शहर के मंदिर व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर सहित जिले भर में सुबह से ही भक्ति और उल्लास का वातावरण बना हुआ था। शुक्रवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचना शुरू कर दिया था जो देर शाम तक चलता रहा। शहर के शिव मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जल, दुग्ध, शहद, घी, बेलपत्र, पुष्प से अभिषेक कर भक्तिभाव से भोलेनाथ की पूजा की। शहर के शंकरघाट स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर मेले जैसा माहौल था, यहां सुबह से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। कतार में लगकर भोलेनाथ का पूजा अर्चना की। शहर के पुलिस लाइन स्थित शिव-गौरी मंदिर, स्टेडियम कांप्लेक्स से लगे निगम के शिव शक्ति मंदिर, शिव मंदिर बौरीपारा, नवापारा के महाकालेश्वर मंदिर, नामनाकला पावर हाउस शिव मंदिर, मायापुर, चांदनी चौक, गांधीनगर, फुंदुरडिहारी, जोड़ा पीपल, दर्रीपारा, केदारपुर सहित शहर के अधिकांश मोहल्लों में छोटे-बड़े शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महाशिवरात्रि को लेकर पूजा समितियों व मंदिर समितियों द्वारा पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। सभी स्थानों पर मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी सदस्यों ने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शिवालयों में भजन-कीर्तन तथा भोलेनाथ की भक्ति गीतों से माहौल उत्सवपूर्ण बना था। वहीं शंकरघाट में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं शहर के गांधी चौक, नमनाकला शंकर मंदिर समिति द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया था।

# भगवान भोले की धूमधाम से निकली बारात

- सवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की बारात निकाली गई । यह परंपरा पिछले 44 साल से चली आ रही है। प्रतापपुर रोड सहेली गली स्थित भगवान शिव की धूमधाम से बारात निकली। प्राचीन वाद्ययंत्रों के साथ अलग-अलग टोली बारात में नाचते-झूमते निकली। शाम को पुलिस लाइन स्थित गौरीमंदिर में भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि पर शहर में यह आयोजन अपने आप में अनोखा होता है। शिवशंकर कीर्तन मंडली ने 44 साल पहले यह आयोजन शुरू किया और तब से इस दिन बाजे-गाजे के साथ शिव की बारात निकलती है। शुक्रवार को भगवान शिव की बारात निकली। वहां मौजूद महिलाओं ने मंगल गीत गाया। बाराती नाचते-झूमते शामिल हुए। बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया। शाम को बारात पुलिस लाइन स्थित गौरी मंदिर पहुंची, जहां रात में विवाह संपन्न हुआ। शनिवार को सहेली गली केदारपुर स्थित भगवान शिव मंदिर प्रांगण में आशीर्वाद समारोह के रूप में महा आरती पश्चात शाम 7 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में मण्डली के अध्यक्ष भोलानाथ विश्वकर्मा, संजय कुमार मिश्रा, विनोद वर्मा, प्रमोद मिश्रा, संजू चौबे, राजगीर, हरगोविन्द, काशी, राजेन्द्र दुबे, रविन्द्र दुबे, बृजमोहन, पं. मुकेश तिवारी, मृत्युंजय, सिद्धार्थ, राहुल, अविनाश, बंटी व अन्य सदस्य एवं मोहल्लेवासी शामिल रहे। महाशिवरात्रि के मौके पर प्रतापपुर रोड सहेली गली स्थित भगवान शिव की धूमधाम से बारात निकाली गई। इस दौरान काफी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चे शामिल हुए। महिलाएं नाचते-गाते हुए शहर के विभिन्न सड़कों से होते हुए पुलिस लाइन स्थि त गौरीमंदिर पहुंचीं। भगवान शिव की प्रतिमा को रथ पर सवार किया गया था। इस दौरान शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत भी किया गया।





# वृद्ध से 1.30 लाख रुपए उठाइगिरी किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को लिया प्रोडक्शन वारंट पर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



होटल में नाश्ता करने के दौरान वृद्ध 1.30 लाख रुपए उठाइगिरी का शिकार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को एमपी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। यहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस के अनुसार रामधनी राम चौधरी उम्र 72 वर्ष वह सेवानिवृत शिक्षक है और गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरी तिलंगापारा का रहने वाला है। 13 जनवरी 2023 को रामधनी अंबिकापुर स्थित स्टेट बैंक के मुख्य शाखा से चेक के माध्यम से 1.30 लाख रुपए निकाला था। उक्त रुपए को अपने बैग में रखा था। घर जाते समय गांधी चौक स्थित वेलकम होटल में नाश्ता करने के लिए बैठा था और रुपयों से भरे बैग को बगल में कुर्सी पर रखा था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति मौका पाकर रुपयों से भरे बैग उठा लिया और वहां से भाग गया था। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाशी शुरू कर दी थी। पुलिस ने होटल से आरोपी का सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त किया था। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली की एमपी के सीधी जेल में बंद संजय सिसोदिया उम्र 40 वर्ष निवासी भोलगढ़ थाना भालूमाड़ा जिला अनूपपुर ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। जिसे पुलिस ने सीधी जेल से प्रोडक्यान वारंट पर लेकर आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

25 वर्षीय युवक ने एक नाबालिग लड़की को शादी का सांझा देकर बहला फुसलाकर बलात्कार किया था।



पुलिस के अनुसार ग्राम अजमनगर निवासी 25 वर्षीय बुधराम यादव एक नबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर वर्ष 2021 से बलात्कार कर रहा था। इसके बाद शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में 7 मार्च को दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(एन) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह आरक्षक निर्मल साय,आलोक कुजूर शामिल रहे।

# जमीन विवाद को लेकर भतीजा ने चाचा के सिर पर किया हमला,गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

जमीन जायदाद की बात को लेकर रुपए की मांग करते हुए एक युवक ने अपने चाचा के सिर पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। वहीं बीच बचाव कर रहे चचेरे भाइयों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की है। गांधीनगर पुलिस ने पीड़ित के बेटा के रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।



जानकारी के अनुसार राजेश चौबे नमनाकला थाना गांधीनगर का रहने वाला है। 7 मार्च को इसका भतीजा रामनाथ उर्फ कल्लू चौबे जमीन जायदाद की बात को लेकर रुपए की मांग करते हुए विवाद कर रहा था। इस दौरान रामनाथ ने डंडे से अपने चाचा राजेश चौबे के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे राजेश के बेटा राहुल चौबे व रोहित चौबे के साथ भी मारपीट की है। मामले की रिपोर्ट राहुल चौबे ने गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी रामनाथ को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 294, 506, 323, 384, 307 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना गांधीनगर से सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा,आरक्षक घनश्याम देवांगन, अमरेश सिंह, सत्यम सिंह शामिल रहे।



# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर,दो युवकों की मौत

- संवाददाता -
बलरामपुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राज्य मार्ग 343 पर तहसील के पास शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। ये दोनों बलरामपुर विकासखंड में जल जीवन मिशन में कार्य करते थे। महाशिवरात्रि पर दोनों अपने घर जा रहे थे। घटना के बाद से परिवार सदमे में है।

जानकारी के अनुसार दीपक यादव पिता शिव प्रसाद यादव (20), कपिल पाया पिता राम पाया (20) राजपुर विकासखंड के ग्राम आरा का रहने वाले थे। दोनों बलरामपुर विकासखंड जल जीवन मिशन में कार्यरत थे। महाशिवरात्रि की छुट्टी होने के कारण दोनों शुक्रवार की सुबह बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में बलरामपुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राज्य मार्ग 343 पर तहसील के पास पहुंचे ही थे कि अंबिकापुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बदमाशों ने बाइक अड़ाकर लूटी सोने की चेन, फिर की अपहरण की कोशिश,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
सीतापुर,08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



सीतापुर थाना क्षेत्र के मंगरेलगढ़ नदी के पास 6 मार्च को दो बदमाशों ने बाइक अड़ाकर बाइक सवार युवक को रोककर गले में पहले चेन लूट लिया। इसके बाद बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जबरन बाइक में बैठाकर कहीं ले जाने लगे। तभी लोगों को देखकर बदमाशों ने उसे छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है।

पुलिस के अनुसार अनिमेष गुप्ता सीतापुर बाजारपारा का रहने वाला है। वह 6 मार्च को बाइक से ग्राम रायकेरा की ओर से वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में मंगरेलगढ़ नदी के पास दो बदमाशों ने बाइक अड़ाकर अनिमेष की बाइक को रोक दी। इसके बाद बदमाशों ने उसके गले से चेन लूट लिया। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट कर उसे बाइक से उतारकर अपनी बाइक में बैठाकर रायकेरा की ओर ले जाने लगे। तभी लोगों को देखकर बदमाशों ने उसे छोड़कर वहां से भाग गए। अनिमेष ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी मनीष तिर्की उम्र 27 वर्ष निवासी खड़ादोरना सीतापुर को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना सीतापुर से सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, आरक्षक दिलसुख लकड़ा, संजय एक्का, पंकज देवांगन, सैनिक विनायक लकड़ा, शामिल रहे।



# 125 लोगों से वसूले गए 67 हजार समन शुल्क

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को यातायात पुलिस टीम द्वारा मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने वाले एवं दो पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना हेलमेट के बाइक चलाने और बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई है। मोबाइल का उपयोग करते बाइक चलाने वाले 80 लोगों से 24 हजार चलानी कार्रवाई की है। वहीं तीन सवारी के मामले में 8 लोगों से 4 हजार, बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले 6 मामले में 3 हजार व चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने पर 16 लोगों से 8 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। कुल 125 लोगों से 67 हजार 1 सौ रुपए समन शुल्क वसूले गए हैं।

# अविभाजित सरगुजा के 203 उपार्जन केन्द्रों में 1463020 क्विंटल खुले में पड़े हैं धान...नहीं हो सका है उठाव...

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

डॉ. जेपी श्रीवास्तव प्रांताध्यक्ष ट्रेड यूनियन कौंसिल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि प्रदेश में धान खरीदी 4 फरवरी से बंद हो गयी है। धान



खरीदी बंद होने के एक माह से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी वर्तमान में धान का उठाव नहीं हो पाया है। उपार्जन केन्द्रों में खुले में धान पड़ा हुआ है। अविभाजित सरगुजा के पांचों जिलों में 203 उपार्जन केन्द्रों में 1463020 क्विंटल से अधिक धान पड़ा हुआ है। जिसकी कीमत 319 करोड़ रुपये से अधिक है। इसी तरह पूरे प्रदेश के 2739 धान उपार्जन केन्द्रों में 18771440 क्विंटल से अधिक धान खुले में पड़ा हुआ है, जिसकी कीमत 4097 करोड़ रुपये से अधिक है। इस तरह राज्य में अरबों रुपयों का धान वर्तमान खुले में पड़ा हुआ है। अकास्मिक और असमय वर्षा से धान खरीदी केन्द्रों में रखा धान वर्षा के कारण खराब हो रहा है। वर्षा से धान सडेगा,खराब होगा जिससे धान की मात्रा में भी कमी आयेगी। उस कमी के लिये धान खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा समिति के प्रबंधक को उत्तरदायी मानकर उन पर कार्यवाही की जाती है। अकास्मिक वर्षा से धान खराब हो रहा है, और धान सड़ रहा है, इस पर शासन, और प्रशासन का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है, अभी तक धान का उठाव क्यों नहीं हुआ है यह चिन्ता का विषय है, धान का खराब होना राष्ट्रीय क्षति है। इस ओर षासन और प्रशासन को विषेष ध्यान देना होगा, ताकि राष्ट्रीय क्षति से बचा जा सके तथा उठाव न होने के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों पर कार्यवाही होना भी आवष्यक है, ताकि भविष्य में समय पर धान का उठाव हो सके।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव अवतरण आध्यात्मिक मेले का आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव अवतरण आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया गया। मेले का भव्य उद्घाटन राजेश अग्रवाल विधायक अम्बिकापुर, प्रबोध मिंज विधायक लुण्डा क्षेत्र,आलोक दुबे न. नि. पार्षद,अभिमन्यु गुप्ता भाजपा के महामंत्री,भारत सिंह सिसोदिया भाजपा के प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष,करताराम गुप्ता पूर्व पार्षद,आर्ट ऑफ लिविंग के संचालक अजय तिवारी,समाज सेविका बहन वंदना दत्ता,अनंग पाल एवं सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी के द्वारा रिबन काटकर किया गया।

मेले में मुख्य आकर्षण का केन्द्र 30 फीट ऊँचा सुरम्य पहाडियों,मन्दिरो के बीच में द्वाद्वश ज्योर्तिलिंग, 40 फीट शिवलिंग, शाश्वत यौगिक खेती मॉड़ल, स्वर्ग दर्शन मॉड़ल, अमर नाथ का गुफा, कलात्मक मूर्तियों का मॉडल् एवं आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी सजाया गया है जिसके द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान को स्पष्ट किया गया है। जिसको देखने के लिये भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा ।

सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा मनुष्य आत्माओं के अन्दर नैतिक मूल्यों को जगाना एवं परमात्मा के साथ सम्बन्ध जोड़कर, अपने विकारों को उन्हें अर्पित करना ही सच्ची- सच्ची शिवरात्रि मनाना है। आगे उन्होंने मेले का उद्देश्य बताते हुये कहा कि अपने भागदौड़ के जीवन में परमात्मा को





याद करना उतना ही आवश्यक है, जितना शरीर के लिये भोजन, परमात्मा को याद करने से आत्मा में बल और शक्ति आती है, जिससे हम शरीर रूपी गाड़ी को अच्छे से चला पाते है और परमात्म ज्ञान हमें जीवन के हर पहलू को समझने में मदद करता है।

अम्बिकापुर क्षेत्र विद्यायक राजेश अग्रवाल शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह मेला बहुत ही सुन्दर,मनोरम और मानव कल्याण अर्थ समाज में जागृति लाने का बहुत अच्छा प्रयास किया गया है।

लुण्ड्रा क्षेत्र विद्यायक प्रबोध मिंज ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में परमात्मा को सहजता से समझने एवं उनके आचरणों को अपने जीवन में आत्मसात कर पाये, इस ज्ञान को विभिन्न तरीके से बताने का संस्था का यह प्रयास बहुत अद्भुत है।

इस शुभ अवसर पर आलोक दुबे न. नि. पार्षद, अभिमन्यु गुप्ता भाजपा के महामंत्री, भारत सिंह सिसोदिया भाजपा के प्रदेष महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी और संस्था की गरिमामयी ऐतिहासिक मेले की प्रंशसा किया।

तत्पश्चात् सभी अतिथियों ने परमात्मा शिव की आरती कर अपना प्रेम और श्रद्धा अर्पित कर पूरे सभा को अलौकिक और भक्तिमय कर दिया। उसके बाद शिव का प्रतीक शिवध्वज फहराया गया।

अतिथियों का स्वागत बैज, गुलदस्ता से किया गया। अतिथियों के स्वागत में गीतांजलि के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं सत्यम, शिवम,सुन्दरम गीत पर मनिकनिका ने नृत्य प्रस्तुत कर शिव भक्तों को शिव प्रेम में डूबो दिया। यह मेला शुक्रवार 8 मार्च 2024 से रविवार 17 मार्च 2024 तक भक्तों के दर्शनार्थ रहेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष दास ने किया और बताया कि सम्राट हैरी जादूगर के द्वारा 10 एवं 11 मार्च 2024 को संध्या 6.00 बजे से बर्फ की शिला पर ढाई घण्टे खड़े रहेंगे, 12 मार्च 2024 को रंगीन मायाजाल जादू शो और 13 मार्च 2024 को अपने दांतो से बस खीचेंगे।

## भारतीय पर्यटकों की कमी चिंताजनक

# चीन के साथ नजदीकियों को लेकर मोइज्जू सरकार पर बरसे पूर्व राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 08 मार्च 2024।** भारत और मालदीव के बीच जारी कूटनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। इस बीच, मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मालदीव में भारतीय पर्यटकों की गिरती संख्या पर चिंता जाहिर की है। भारत यात्रा पर आए पूर्व राष्ट्रपति से जब मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट और इसके असर के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय पर्यटकों की गिरती संख्या चिंतित करने वाली है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के कुछ मंत्रियों ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसके बाद भारत में सोशल मीडिया पर मालदीव के बहिष्कार की मुहिम चली थी। जिससे, दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद खड़ा हो गया था।

### मालदीव में भारतीय पर्यटकों की गिरती संख्या को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा कि मैं यहां भारत में हूं और मालदीव नें भारतीय पर्यटकों की गिरती संख्या को लेकर बहुत चिंतित हूं। हमें खेद है कि ऐसा हुआ। हम चाहते हैं कि भारत के लोग अपनी छुट्टियों पर मालदीव आएं, हमारे आतिथ्य में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने उन मंत्रियों का जिक्र करते हुए कहा कि जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर टिप्पणी की थी उन्हें सरकार से हटा दिया गया है। ऐसे में मुझे लगता है कि अब इस मामले को सुलझाया जाना चाहिए। हमें अपने सामान्य संबंध पर वापस जाना चाहिए।

### भारत-मालदीव रिश्ते को लेकर मोइज्जू की नीतियों पर बरसे मोहम्मद नशीद

भारत-मालदीव रिश्ते को लेकर भी मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव की संस्कृति में कई समानताएं हैं। यह रिश्ता असल में लोगों से लोगों का है, सरकार से सरकार का नहीं। दक्षिण एशिया में यह जब सरकार बदलती है तो बहुत कुछ होता है, हम एक तरफ से दूसरी तरफ जाते



हैं लेकिन मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने संबंधों को एक सीधी रेखा में बनाए रखें। इस दौरान उन्होंने मोइज्जू सरकार की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि मालदीव में नई सरकार को भारत विरोधी भावना विरासत में मिली है। उन्होंने अपनी इसी भावना से ग्रस्त होकर बयानबाजी की थी। आगे उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक बार जब वे (वर्तमान मालदीव सरकार) व्यवस्थित हो जाएंगे तो वे शासन की जटिलताओं को समझ जाएंगे। तब हमारी विदेश नीतियां और भारत के साथ संबंध हमेशा की तरह चलेंगे।

### चीनी ऋण पर यह बोले चीन के पूर्व राष्ट्रपति

इस दौरान उन्होंने मालदीव में चीनी निवेश को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या चीनी निवेश को लेकर देश ऋण के जाल में फंस रहा है? इस पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद ने कहा कि अलग-अलग चीनी संस्थाएं हैं जिन्होंने मालदीव को ऋण दिया है। चीन द्वारा दिए गए ये ऋण उन परियोजनाओं पर खर्च किए गए जिनकी कीमत बहुत अधिक कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि चीन ऐसा जानबूझ कर करता है ताकि व्यवसाय योजना फेल हो जाए। उन्होंने कहा कि जब व्यवसाय योजना फेल हो जाती है तो आप उस बुनियादी ढांचे से ऋण का भुगतान नहीं कर सकते। जब हम ऋण वापस नहीं कर सकते तो वे इक्विटी मांगते हैं और इक्विटी के साथ हम संप्रभुता भी खो देते हैं। ऐसे में हमें इसका ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करना होगा।

### चीन के साथ रक्षा समझौते पर भी बोले

आगे उन्होंने मालदीव और चीन के रक्षा समझौते पर बोलते हुए मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह एक रक्षा समझौता है। डॉ. मुइज्जू मुख्य रूप से रबर की गोलियां और आंसू गैस के उपकरण खरीदना चाहते थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार को लगता है कि रबर की गोलियों और आंसू गैस की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासन बंदूक की नली से नहीं होता है। शासन आपके लोकतंत्र और कानून के शासन को मजबूत कर रहा है। देश को इन हथियारों की आवश्यकता नहीं है।

### पीएम मोदी के साथ मुलाकात के बारे में भी बताया

पीएम मोदी के साथ अपनी मौजूदा मुलाकात पर भी मालदीव के पूर्व राष्ट्पति मोहम्मद नशीद ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि मैं कल रात प्रधानमंत्री से मिला।उन्होंने हम सभी को शुभकामनाएं दीं।

## पिता की पार्टी में भी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, पंजाब की सीएम मरयम नवाज का बयान

**इस्लामाबाद, 08 मार्च 2024।** मरयम नवाज ने हाल ही में पाकिस्तान के पंजाब की सीएम बनकर इतिहास रच दिया। महिला दिवस के मौके पर उन्होंने बताया कि अपने पिता की ही पार्टी में भी जगह बनाने के लिए उन्हें दशक भर तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वह सफल हुई है तो कोई भी महिला सफल हो सकती है। मरयम नवाज पाकिस्तान में किसी भी राज्य की सीएम बनने वाली पहली महिला हैं।

**नवाज शरीफ की उत्तराधिकारी मानी जाती हैं मरयम नवाज**

पाकिस्तानी मीडिया से बात करते हुए मरयम नवाज ने कहा कि उनके पिता की पार्टी पीएमएल-एन हमेशा से एक पुरुषों के प्रभाव वाली पार्टी रही है। मैंने भी पार्टी में अपनी जगह बनाने के लिए 12-13 साल कड़ी मेहनत की है, लेकिन अगर मैं यहां तक पहुंची हूं तो इसमें हर महिला, मां और बेटी के लिए संदेश है कि अगर आप कुछ करना चाहती हैं तो महिला होना आपके रास्ते की रुकावट नहीं बन सकता। मरयम नवाज को नवाज शरीफ का उत्तराधिकारी माना जाता है। बीती 26 फरवरी को ही मरयम नवाज ने पंजाब की सीएम पद की शपथ ली है। मरयम नवाज (50 वर्षीय) पहले राजनीति में सक्रिय नहीं थी और साल 2011 में राजनीति में सक्रिय हुई। अब मरयम नवाज को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। साल 2017 में मरयम नवाज ने पाकिस्तानी आर्मी के खिलाफ अभियान चलाया था, जिससे मरयम नवाज पाकिस्तान में लोकप्रिय हुईं। ऐसा माना जाता है कि पाकिस्तान आर्मी के साथ हुई डील के तहत मरयम नवाज को पंजाब सीएम का पद मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तानी आर्मी ने नवाज शरीफ को विकल्प दिया था कि अगर उनके भाई शहबाज शरीफ पीएम बनते हैं तो पंजाब के सीएम पद पर मरयम नवाज की ताजपोशी हो सकती है। पंजाब पाकिस्तान का सबसे अहम और सबसे ज्यादा आबादी वाला सूबा है। पंजाब, नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन का गढ़ रहा है। शरीफ परिवार से नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं और अब एक बार फिर शहबाज शरीफ पाकिस्तान के नए पीएम चुने गए हैं।





## नेपाल के प्रति भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं,पड़ोसी देश में सियासी उठापटक पर राजदूत

**काठमांडू,08 मार्च 2024।** नेपाल के बीते कुछ दिन सियासी उठापटक से भरे रहे हैं। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है। इस बीच, भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी। नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों मंत्रियों को बताया कि नेपाल के प्रति भारत की नीति अपरिवर्तित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल में राजनीतिक बदलावों को उनका आंतरिक मामला मानता है। नेपाल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत बहादुर राय ने इस मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेपाल विदेश मंत्रालय में नारायण काजी श्रेष्ठ के साथ बैठक के दौरान उन्होंने द्विपक्षीय और पारस्परिक हित के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। भारत की ओर से यह आश्वासन तब आया है जब यह अटकलें लगाई जा रही थी कि नई दिल्ली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन के विघटन से खुश नहीं है।

# पाकिस्तान में 'एक्स' पर पाबंदी को तीन हफ्ते पूरे

## अदालत के निर्देश के बावजूद सरकार ने साधी चुप्पी

**इस्लामाबाद, 08 मार्च 2024।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पाबंदी शुक्रवार को चौथे हफ्ते में प्रवेश कर गई। इसे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के कथित दुष्प्रचार को रोकने के लिए लागू किया गया था। पीटीआई ने आरोप लगाया था कि पीएमएल-एन पार्टी ने आठ फरवरी के आम चुनाव में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की है।



### उच्च न्यायालय ने दिया था एक्स की बहाली का निर्देश

न तो पिछली अनवर उल हक काकर की कार्यवाहक सरकार और न ही मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार कोई कारण बताने को तैयार है कि देश में एक्स पर इतने लंबे समय से पाबंदी क्यों लगा रखी है। सिंध उच्च न्यायालय ने एक्स तक नागरिकों की पहुंच को बहाल करने का निर्देश दिया था। लेकिन इसके बावजूद तीन हफ्ते से ज्यादा समय से एक्स की सेवाएं बंद हैं।

### सरकार ने अब तक नहीं दिया कोई स्पष्टीकरण

आमतौर पर इस तरह के फैसले को अधिकारी किसी न किसी बहाने के आधार पर उचित ठहराते थे। लेकिन इस बार सरकार की ओर से कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) को एक्स तक पहुंच से क्यों रोका जा रहा है। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) देश में इंटरनेट के इस्तेमाल को नियंत्रित करता है। हालांकि, पीटीए इस बात से साफ इनकार कर रहा है कि एक्स पर पाबंदी लगाई गई है।

### इमरान खान की पार्टी ने पूछा यह सवाल

वहीं, पीटीआई का कहना है कि अगर देश का शीर्ष नियामक दावा कर रहा है कि उसने कोई पाबंदी नहीं लगाई है, फिर एक्स तक पहुंच को कौन रोक रहा है? एक्स लाखों लोगों के लिए सूचना का एक महत्वपर्ण स्त्रोत है और इसे मनमाने ढंग से बंद नहीं किया जा सकता है। पीटीआई ने कहा कि जनादेश की चोरी करने वाले और उनके समर्थक लोगों की आवाज से डरते हैं। इसलिए वे अपने फासीवादी शासन को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर अनिश्चितकाल के लिए पाबंदी लगाना चाहते हैं।

### अधिकारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद लगी पाबंदी

फरवरी के मध्य में रावलपिंडी के आयुक्त लियाकत चठा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर राजा आठ फरवरी के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली में शामिल हैं। इसके बाद इमरान खान की पार्टी के समर्थकों ने एक्स पर इस मुद्दे को उठाया और चुनाव में हेराफेरी के जांच की मांग की और चुराए गए जनादेश को पीटीआई को लौटाने की मांग की। फिर पाकिस्तानी अधिकारियों ने एक्स को बंद कर दिया।

## ब्रिटेन की दूसरी महिला प्रधानमंत्री रह चुकीं थेरेसा मे नहीं लड़ेंगी चुनाव; 27 साल बाद छोड़ेंगी सांसद का पद

**लंदन,08 मार्च 2024।** ब्रिटेन की दूसरी महिला प्रधानमंत्री रही थेरेसा मे ने सांसद का पद छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने अगले आम चुनाव में दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में अपने मेडेनहेड निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया है। वे कंजर्वेटिव पार्टी से सात बार निर्वाचित होकर बर्कशायर सीट से सांसद रही हैं। साथ ही 2016 से 2019 के बीच ब्रिटेन की प्रधानमंत्री रही थीं।

चुनाव न लड़ने का एलान करते हुए थेरेसा मे ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में पद छोड़ने के बाद से मैनें एक बैकबेंचर की तरह काम करने का मजा लिया है। इसके बाद मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ प्रमुख मुद्दों के लिए काम करने के लिए अधिक समय मिला है। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों में आधुनिक दासता और मानव तस्करी पर हाल ही में एक वैश्विक आयोग का शुभारंभ करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सब में उनका अधिक समय जा रहा है। ऐसे में बहुत सोच विचार करने के बाद मैनें निर्णय लिया है कि अब मैं एक सांसद के रूप में अपना काम नहीं कर पाउंगी। ऐसे में मैंने अगले आम चुनाव में सहभागिता न करने का निर्णय लिया है।



गौरतलब है कि ब्रिटेन की पूर्व पीएम मार्गरेट थैचर के बाद थेरेसा मे दूसरी महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। उन्हें नई आयरन लेडी के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने पीएम सुनक के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन देने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी जीत हासिल कर सती है। उन्होंने कहा कि मेडेनहेड में कंजर्वेटिव पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मैं अपने उत्तराधिकारी के साथ काम करूंगी। मैं ऋषि सुनक और सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं और विश्वास करती हूं कि कंजर्वेटिव चुनाव जीत सकते हैं।

उन्होंने मेडेनहेड निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का भी आभार जताया। थेरेसा ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि सांसद होने से बड़ा कोई विशेषाधिकार नहीं है। मैंने गृह सचिव और प्रधानमंत्री के रूप में काम किया है, लेकिन ये मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के बिना संभव नहीं होता।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
## पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र.- 211265

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन (मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अम्बिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 35 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| बिलासपुर | 60सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 35 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 60सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 35 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 20 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 20 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

आवेदन हेतु- 12 वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक/स्व. संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवार हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट :-

1. अरवेदक, निम्न दिये गये आवेदन पत्रके प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप राकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रू. से भरें। साथ ही 35 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ 10ग4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम, एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें।(आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जावेगा)
2. चयनित उम्मीदवार को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सचित जकया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

आवेदन पत्रडाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 25.03.2024 तक।
आवेदन पत्रकार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 30.03.2024 तक।

कार्यालय का पता :- पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 211265, नीलकंठ कॉम्पलेक्स, टेक्नोवैली कैम्पस, एम.जी. रोड अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 497001

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 211265,नीलकंठ कॉम्पलेक्स, टेक्नोवैली कैम्प्स, एम.जी. रोड अम्बिकापुर (छ.ग.) 497001

महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मै अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही है।

1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता/पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग :- अनु.ज.जाति ☐ अनु.जनजाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्रव्यवहार का पता- ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला............ पिन कोड
मो. नं. 1 ............ 2. ............ व्हाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात् प्रवेश जेना चाहते है ............

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 211265


# विकसित भारत रणनीति कक्ष एवं 'नीति फॉर स्टेट्स' प्लेटफॉर्म का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया वर्चुअल शुभारंभ



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

केंद्रीय संचार रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत दिवस रंग भवन सभागार आकाशवाणी नई दिल्ली में नीति आयोग के (नीति फॉर स्टेट्स) प्लेटफार्म का शुभारंभ किया। नीति आयोग का नीति का स्टेट प्लेटफार्म एक क्रॉस सेक्टरल नॉलेज प्लेटफार्म है जिसे नीति और सुशासन के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्लेटफार्म शुरुआत से पहले मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग में विकसित भारत रणनीति कक्ष का भी शुभारंभ किया। नीति फॉर स्टेट्स प्लेटफार्म की महत्वपूर्ण विशेषता में 7500 श्रेष्ठ प्रथाओं का जीवंत भंडार और 5000 नीति दस्तावेज, 900 से अधिक डाटा सेट, 1400 उत्तर प्रोफाइल और 350 नीति प्रकाशन रणनीति सहित 10 क्षेत्र के ज्ञान उत्पाद शामिल है। इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से 500 आकांक्षी ब्लॉक के अधिकारीगण जुड़े। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एनआईसी कक्ष से आकांक्षी ब्लॉक लखनपुर के जनपद सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय व विकासखंड के स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, जलसंसाधन, कृषि, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम फेलो उपस्थित रहे।

# कोरबा लोकसभा से पहली बार राष्ट्रीय नेत्री को मिला मौका...क्या पार्टी में काफी ऊंचा है लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय का कद ?

### यदि मिलती है जीत तो केन्द्रीय मंत्री बनने का अवसर भी इनके पास

### कोरबा लोकसभा की आठ विधानसभा सीटों में 6 पर चुने गए हैं भाजपा के विधायक

### लोकसभा क्षेत्र में दो केबिनेट मंत्री भी बनाए गए जिन पर होगी लोकसभा चुनाव जिताने की जिम्मेदारी

### लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के आधार पर कांग्रेस से 59000 वोटों से आगे हैं भाजपा

### 2019 में मोदी लहर के बावजूद हुई थी ज्योत्सना महंत की जीत लेकिन तब प्रदेश में थी कांग्रेस की सरकार और मात्र 1 भाजपा विधायक लोकसभा क्षेत्र में,इस बार स्थिति विपरीत



-रवि सिंह-
कोरिया/कोरबा 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली सूचि में प्रदेश के 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी की राष्टीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को उम्मीदवार बनाया गया है, उनके इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने पर कार्यकर्ताओं मे खुशी की लहर देखी जा रही है हलाकि टिकट के अन्य दावेदार उनके विरोध में बात करते देखे जा रहे हैं। वर्तमान में राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय किसी परिचय की मोहताज नही हैं उनका पार्टी में कद भी काफी ऊंचा है,एक बात की चर्चा ने अभी से जोर पकड़ लिया है यदि वे चुनाव में जीत हासिल करती हैं तो फिर उन्हे केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिल सकता है और फिर कोरबा लोकसभा को देश भर में पहचान मिलेगी। प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद सरोज पांडेय शीघ्र ही पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी ऐसा पार्टी सूत्रो का कहना है। भाजपा के 6 विधायक कोरबा लोकसभा में,इनमें से 2 मंत्री- वर्ष 2009 से अस्तित्व में आए कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी अन्य लोकसभा क्षेत्र से एकदम अलग है। इस लोकसभा में 3 जिलों की कुल 8 विधानसभा सीटें शामिल है,जो कि भरतपुर सोनहत, मनेंद्रगढ, बैकुंठपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली तानाखार, रामपुर एवं मरवाही है। इन विधानसभा में वर्तमान हाल में भाजपा के कुल 6 विधायक हैं जबकि कांग्रेस के एक एवं एक विधायक गोड़वाना गणतंत्र पार्टी समर्थित हैं। कोरबा लोकसभा से छत्तीसढ सरकार में दो मंत्री क्रमशः श्यामबिहारी जायसवाल व लखनलाल देवांगन शामिल किए गए हैं। इन दोनो मंत्रियों समेत भाजपा के अन्य विधायकों के ऊपर लोकसभा उम्मीदवार को जिताने की बड़ी जिम्मेदारी है।

#### भाजपा के अन्य दावेदार भी हल्के साबित हुए इसलिए नही मिला टिकट

कोरबा लोकसभा से इस बार भाजपा से ही बड़ी संख्या में टिकट को लेकर दावेदारी हो रही थी,कई दावेदार ऐसे थे जो वाल पेंटिंग से लेकर कई प्रकार का आयोजन करते देखे गए लेकिन अनुमान के मुताबिक वे सभी दावेदार सरोज पांडेय की तुलना में अत्यंत हल्के साबित हुए इस वजह से पार्टी नेतृत्व ने सरोज पांडेय जैसी नेत्री के नाम पर मुहर लगाई है।

#### भाजपा से सरोज के बाद क्या डॉ.महंत हो सकते हैं उम्मीदवार,संभावना बढी

भाजपा ने कोरबा लोकसभा मे अपना दांव खेलते हुए सरोज पांडेय को मैदान में ऊतारा है,जाहिर सी बात है कि इस बार यह चुनाव महंत परिवार के लिए भी आसान नही होगा। अभी तक यह माना जा रहा था कि भाजपा यहां से दावेदारी कर रहे नेताओं को ही मैदान में उतारेगी लेकिन ऐसा नही हुआ। अभी तक यह खबरें भी आ रही है कि कोरबा लोकसभा से कांग्रेस की ओर से सिंगल नाम ज्योत्सना महंत का ही है लेकिन सरोज पांडेय के आगे उनका कद छोटा दिखलाई देता है। ऐसे में कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ज्योत्सना महंत के स्थान पर डॉ.चरणदास महंत को फिर से लोकसभा लड़ा सकता है,इसकी संभावना भी अब बढ गई है।

#### चौथे बार के चुनाव में बराबरी कर सकती है भाजपा, अभी तक दो बार मिली कांग्रेस को जीत

वर्ष 2009 से अस्तित्व में आए कोरबा लोकसभा में कुल तीन चुनाव हुए हैं जिसमें सबसे पहले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी करूणा शुक्ला को हराकर डॉ.चरणदास महंत ने जीत हासिल की थी। 2014 के दूसरे लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. बंशीलाल महतो ने डॉ. चरणदास महंत को हराया था। 2019 के तीसरे चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिनंद दुबे को ज्योत्सना महंत के सामने हार का सामना करना पड़ा। 2024 में होने जा रहे चुनाव में सरोज पांडेय को जीत दिलाकर भाजपा अभी तक का मुकाबला बराबर कर सकती है।

#### लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस से मात्र 73000 वोटों की बढत पर भाजपा

छत्तीसगढ में चार माह पूर्व संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद कोरबा लोकसभा में वोटो के लिहाज से भाजपा कांग्रेस की तुलना में 83000 वोट की बढत पर दिखलाई दे रही है,हलांकि इस बढत को लोकसभा में बरकरार रखना या फिर और बढाना भाजपा के लिए भी एक चुनौती है। जानकारी के तहत भरतपुर सोनहत विधानसभा से 4919 वोट, मनेंद्रगढ विधानसभा से 11880 वोट, बैकुंठपुर विधानसभा से 25413 वोट, कोरबा विधानसभा से 25629 वोट,कटघोरा विधानसभा से 16900 वोट एवं मरवाही विधानसभा से 12078 मिलाकर कांग्रेस से 59374 वोट का अंतर दिखलाई देता है। रामपुर विधानसभा में 22859 वोट से कांग्रेस आगे है जबकि पाली तानाखार विधानसभा में भाजपा तीसरे स्थान पर थी। यहां कांग्रेस से भाजपा 13626 वोटो से पीछे रही।

#### 2019 में भाजपा के 1 विधायक और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार अब कांग्रेस के 1 विधायक और प्रदेश में भाजपा सरकार

इसे महज संयोग ही कहा जा सकता है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में एकमात्र भाजपा विधायक थे जबकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी,जबकि आगामी लोकसभा चुनाव में ठीक उलट कांग्रेस के एक विधायक हैं और प्रदेश मे भाजपा की सरकार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कोरबा लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत को जीत हासिल हुई थी तब भाजपा ने ज्योतिनंद दुबे को उम्मीदवार बनाया था,उस दौरान अविभाजित कोरिया जिले की तीनों विधानसभा सीटों से लगभग 40000 की बढत भाजपा को मिली थी लेकिन कमजोर प्रबंधन के कारण कोरबा,कटघोरा,पाली तानाखार में पीछे रहने के कारण भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा था। पिछले लोकसभा में मात्र 1 भाजपा विधायक रामपुर से ननकीराम कंवर थे। अब स्थिति एकदम विपरीत है तब भाजपा के 1 विधायक और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी,अब कांग्रेस के 1 विधायक रामपुर से ही पुरूषोत्तम कंवर हैं और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जाहिर सी बात है इस राजनैतिक समीकरण का फायदा भी सरोज पांडेय को होगा।

#### मोदी के चेहरे पर होगा चुनाव...आम जन में दिखता है उत्साह

प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी तीसरी पारी खेलने को तैयार नरेंद्र मोदी ही इस बार चुनाव में प्रमुख चेहरा होंगे पिछला दो चुनाव भी उन्ही के चेहरे पर लड़ा गया है। कई ऐसे लोकसभा प्रत्याशी थे जो पिछला चुनाव सिर्फ और सिर्फ मोदी लहर के कारण जीते थे। इस बार का चुनाव भी पीएम मोदी के चेहरे पर ही लड़ा जा रहा है,अपने दूसरे कार्यकाल में भी मोदी ने देश के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिससे आम मतदाताओं के बीच उनकी गहरी पैठ देखने को मिलती है। हिंदुत्व की भावना भी लोगो मे कूट कूटकर देखने को मिल रही है। मतदाता वर्ग खासकर युवा मोदी को लेकर खासे उत्साहित है।

#### सरोज पांडेय एक सशक्त महिला नेत्री,मिलेगा लाभ-

भाजपा ने कोरबा लोकसभा से सरोज पांडेय को चुनावी मैदान में उतारकर बड़ा दांव खेला है, इस लोकसभा से एक दर्जन से अधिक भाजपाई दावेदार थे लेकिन सभी हल्के साबित हो रहे थे इसका लाभ सरोज पांडेय को मिला,पार्टी नेतृत्व की खास होने के साथ ही उनकी छवि एक सशक्त महिला नेत्री की है वे किसी परिचय की मोहताज नही हैं। पार्टी में उनका ओहदा अन्य नेताओं की तुलना में काफी आगे है। उनकी कार्यशैली भी एकदम अलग है, लोगो का यह मानना है कि यदि वे चुनाव जीत जाती हैं तो फिर केन्द्रीय मंत्रिमंडल मे स्थान मिल सकता है। सरोज पांडेय की लोकप्रियता महिलाओं में ज्योत्सना महंत की तुलना में काफी अधिक है, जाहिर सी बात है इसका लाभ सरोज पांडेय को मिल सकता है।

## क्या एसडीएम कार्यालय के बाबू अपने आपको किसी न्यायाधीश से कम नहीं समझ रहे,अधिवक्ताओं का भी वह नहीं कर रहे सम्मान ?

### एसडीएम एवं तहसील न्यायालयों में बाबू और अधिकारी...अधिवक्ताओं का क्यों कर रहे तिरस्कार ?

### अब राजस्व न्यायालयों के मामलों में अधिवक्ता भी पैरवी करने से कतराने लगे,अधिकारी सहित बाबुओं का व्यवहार कारण






-ओमकार पांडेय-
सुरजपुर 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

राजस्व न्यायालयों में कार्यरत बाबू लिपिकीय संवर्ग कर्मचारियों से अब अधिवक्ता भी अपमानित होने लगे हैं और जिसकी एक लिखित शिकायत सूरजपुर जिले के भैयाथान राजस्व अनुविभाग के झिलमिली पुलिस थाने में एक अधिवक्ता द्वारा दी गई है जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान कार्यालय में पदस्थ रीडर के द्वारा अधिवक्ता के साथ की गई अभद्रता का और दुर्व्यवहार का जिक्र है और जिसमे पुलिस से कार्यवाही की मांग की गई है। अधिवक्ता ए पी दास सूरजपुर ने झिलमिली पुलिस थाने में लिखित शिकायत प्रस्तुत करते हुए यह मांग की है की एसडीएम कार्यालय भैयाथान में पदस्थ रीडर जिनके द्वारा अधिवक्ता ए पी दास के साथ अभद्रता और दुर्व्यवहार किया गया है उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए। अधिवक्ता ए पी दास ने शिकायत पत्र में लिखा है की रीडर का व्यवहार काफी खराब है और वह वर्षो से एक ही जगह जमे हुए हैं जबकि उनकी मूल पदस्थापना कहीं और है। रीडर के द्वारा लगातार अधिवक्तताओं से अभद्रता की जाती है साथ ही मान सम्मान को ठेंस पहुंचाया जाता है जबकि अधिवक्ता ए पी दास ने यह भी लिखा है शिकायत में की वह बार काउंसिल के नियमित सदस्य हैं और राजस्व न्यायालयों में सूरजपुर जिले में वह पैरवी करते हैं वहीं वह भैयाथान राजस्व न्यायालय में भी पैरवी करने जाते हैं जिस क्रम में ही वह दिनांक 5 मार्च को भी प्रकरण में पैरवी करने पहुंचे थे और जहां वह एस डी एम कार्यालय के रीडर धनेश्वर पैकरा से बातचीत कर रहे थे। उसी समय विष्णु पैकरा रीडर वहां पहुंचता है और पहुंचकर कार्यवाही को देखता है तब आवेदक के द्वारा रीडर विष्णु पैकरा से भी कहा जाता है की एक प्रकरण में आज पीठासीन अधिकारी के कहने पर बहस होनी है और जिसमे आप प्रकरण को निकालकर ऊपर रख लेंगे। रीडर विष्णु पैकरा को अधिवक्ता के इतने कहने पर ही गुस्सा आ गया और उसने अधिवक्ता के साथ गाली गलौज करते हुए यह कह दिया की मैं कोई काम नहीं करूंगा तुम्हारा।



#### कई जगह अब राजस्व न्यायालयों में अधिवक्ता पैरवी से कतराने लगे हैं,अधिकारियों सहित बाबुओं का व्यवहार बन रहा है परेशानी का कारण

राजस्व न्यायालयों में अब अधिवक्ता किसी पक्षकार के मामले की पैरवी करने से कतराने लगे हैं। उन्हे अधिकारियों सहित बाबुओं का व्यवहार ऐसा करने से रोक रहा है क्योंकि वह उनके प्रति अच्छा प्रदर्शित नहीं हो रहा है। कुछ अधिवक्ताओं की माने तो इसके पीछे का कारण है की राजस्व न्यायालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों का यह सोचना है की कोई भी मामला सीधे उनके पास ही पहुंचे और उनसे ही मेल मुलाकात कर मामला समाप्त हो जाए। अधिवक्ता या पैरवी जैसा कोई विषय सामने न आए और न ही इसकी जरूरत पड़े इसलिए अधिवक्ताओं के साथ कई बार दुर्व्यवहार की बात सामने आती है। कई अधिवक्ताओं का कहना है की उन्हे राजस्व न्यायालय जाने से अब परहेज होने लगा है क्योंकि वहां उनका सम्मान न अधिकारी कर रहे हैं न ही बाबू।

#### आम लोगों से कैसा होगा राजस्व अधिकारियों सहित बाबुओं का व्यवहार अधिवक्ता के साथ हुई घटना के बाद समझा जा सकता है

भैयाथान के अधिवक्ता का आरोप है की एसडीएम कार्यालय भैयाथान के बाबू के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। अब यह समझा जा सकता है की यदि एक अधिवक्ता के साथ राजस्व कार्यालयों के बाबुओं का ऐसा व्यवहार है तो आम लोगों के प्रति कैसा व्यवहार होगा राजस्व अधिकारियों और बाबुओं का यह समझा जा सकता है। वैसे अधिवक्ता का आरोप सही है और ऐसा अनुभव प्रायः लोगों का समाने आता रहता है राजस्व न्यायालयों का ऐसा सभी का अनुभव लगभग सुनने को मिलता रहता है।

#### रीडर विष्णु पैकरा के विरुद्ध पूर्व में भी हुई थी शिकायत द्वारा पर नहीं हुई थी कार्यवाही

अधिवक्ता ए पी दास ने अपनी शिकायत में इस बात का भी उल्लेख किया है की उनके द्वारा इसके पहले दिनांक 23 सितम्बर 2022 को भी विष्णु पैकरा से एक प्रकरण खोजने का निवेदन किया गया था जिस समय भी रीडर विष्णु पैकरा द्वारा गाली गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया था जिसकी शिकायत भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान के समक्ष की गई थी जिसके बाद भी विष्णु पैकरा के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई थी। अधिवक्ता ने यह भी लिखा है शिकायत पत्र में की रीडर विष्णु पैकरा वर्षो से पैठ जमाकर भैयाथान में अपनी मनमानी कर रहा है और उसके द्वारा हर मामले में पैसे की मांग की जाती है और पैसा नहीं दिए जाने पर उसके द्वारा राजस्व प्रकरणों की फाइलें इधर उधर कर दी जाती हैं पक्षकारों को गोल मटोल घुमाया जाता हुआ और पैसा देने पर ही लोगों का काम होता है। अधिवक्ता ने यह भी लिखा है की इस बार जो अभद्रता रीडर विष्णु पैकरा ने अधिवक्ता के साथ की है उस दौरान पीठासीन अधिकारी, सभी रीडर साथ ही अन्य अधिवक्ता भी मौजूद थे वहीं सिसिटीवी से भी मामले की जांच करने की बात अधिवक्ता ने आवेदन में लिखी है। अधिवक्ता ने इसे अपने मान सम्मान के साथ ठेस मानते हुए यह बात भी शिकायत में लिखी है की मामले में जांच कर न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

#### क्या सच में राजस्व न्यायालयों के बाबुओं का व्यवहार सभी के प्रति है खराब,क्या वह खुद को ही न्यायाधीश समझ रहे हैं ?

राजस्व न्यायालय भैयाथान की एक शिकायत झिलमिली पुलिस थाने पहुंची है जिसमे शिकायतकर्ता एक अधिवक्ता हैं और उनके द्वारा एक रीडर की शिकायत की गई है जो कि एस डी एम कार्यालय भैयाथान का रीडर है जिसने अधिवक्ता ए पी दास के साथ गाली गलौज की है और उन्हे सभी की उपस्थिति में जलील भी किया है। अधिवक्ता की लिखित शिकायत को यदि पढ़ा जाए तो यह सवाल खड़ा होता है की क्या राजस्व न्यायालयों में बाबुओं का राज है,क्या वह खुद को ही न्यायाधीश समझने लगे हैं जबकि न्यायाधीश या निर्णय या न्याय देने का काम वरिष्ठ अधिकारियों का है। अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार मामला जो समाने आ रहा है उसको देखकर यही कहा जा सकता है की बाबुओं का राजस्व न्यायालयों में एक तरह से कब्जा है और उनके अनुसार ही वहां काम होता है। अधिकारी से भी ज्यादा उनकी चलती है मामलो में वहीं वह लोगों से दुर्व्यवहार भी करने से परहेज नहीं करते हैं।

#### एस डी एम सहित तहसील न्यायालयों में अधिकारी सहित बाबुओं के द्वारा क्यों किया जाता है अधिवक्तताओं का तिरस्कार ?

राजस्व न्यायालयों से कई बार यह बातें सामने आती हैं की अधिकारियों सहित बाबुओं द्वारा किसी के भी मान सम्मान को सरेआम ठेस पहुंचा दिया जाता है जबकि आम इन्सान वहां न्याय की उम्मीद से जाता है। राजस्व न्यायालयों में अधिवक्ताओं के साथ भी तिरस्कार का भाव अपनाया जाता है यह भी कई बार कई अधिवक्ताओं के माध्यम से जानकारी मिलती रहती है जिसमे ताजा मामला भी शामिल है। अब सवाल यह उठता है की ऐसा आखिर क्यों किया जाता है राजस्व न्यायालयों में बैठे जिम्मेदारों द्वारा । वैसे न्यायालयों में ऐसा देखने को नहीं मिलता वहां सभी के साथ समान भाव से व्यवहार देखा जाता है ऐसी शिकायत केवल राजस्व न्यायालयों से ही सामने आती हैं।



## 216 पाव अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को थाना रामानुजनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सुरजपुर 08 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अवैध कारोबार के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए नशे के कारोबार से जुडे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाए हुए है। इसी तारतम्य में दिनांक 08.03.2024 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम तेजपुर का सुरेन्द्र प्रकाश साहू ददउ कालोनी में एक व्यक्ति के किराये के मान में अपने कब्जे में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री करने हेतु रखा है।

मुखबीर सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही के लिए थाना रामानुजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और विधिवत रेड कार्यवाही के दौरान सुरेन्द्र प्रकाश साहू पिता भैयाराम साहू उम्र 25 वर्ष ग्राम तेजपुर थाना रामानुजनगर मिला जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब मेकडावल नंबर वन- 72 पाव, गोवा विस्की 144 पाव कुल 216 पाव (कुल 38 लीटर 880 एमएल) कुल कीमत 31680 रूपये का पाए जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक हंसराम कनेडिया, सुशील तिवारी, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, विकास पटेल, कौशलेन्द्र सिंह, अमलेश्वर सिंह व दीपक यादव सक्रिय रहे।

# ऊँ नमः शिवाय के मंत्रों से गुंजा देवगढ़ धाम...

## विधायक ने देवगढ़ धाम का कराया विकास-

देवगढ़ धाम का नाम तब प्रसिद्ध हुआ जब खुदाई के दौरान निकली मूर्तियों को वहीं स्थापित कर मंदिर बनाया गया। उस समय श्रद्धालु देवगढ़ धाम पहाड़ियों के रास्ते से होकर आते थे, और वहां कोई सुविधाएं भी नहीं थी। 2010 में भईयालाल विधायक बने और उसके बाद से लगातार इस प्रसिद्ध स्थल का विकास करने में लग गए। उन्होंने चुनाव से पहले कहा था कि मैं यहां का विकास कराउंगा और बनने के तुरंत बाद ही कलेक्टर को पत्र लिखकर 10 लाख का सामुदायिक भवन बनवाया इसके बाद शेड निर्माण, देवगढ़ धाम तक पहुंच मार्ग, हेन्ड पंप व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था कराई। देवगढ़ धाम में विकास के बाद काफी दूर दूर से लोग पहुंचने लगे। एक बार फिर भईया लाल राजवाड़े फिर विधायक बने है अब देखना है की पहले जैसा विकास कार्य करेंगे या सिर्फ अपना विकास करेंगे।



# क्षेत्र में श्रद्धाभाव से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

## शिवालयों में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन देवगढ़ मेले में पचास हजार से अधिक लोग पहुंचे



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 08 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

भगवान शिव की आराधना का पावन पर्व महाशिवरात्रि कोयलांचल सहित पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान कटकोना षिव मंदिर, गोबरी षिव मंदिरों व ग्राम पंचायत पूटा के नांग डबरा नव निर्मित मंदिर में ऊँ नमः शिवाय के पावन मंत्रों का गुंज सुनाई देते रहे। वहीं बैकुण्ठपुर मुख्यालय से 20 किमी दूर नानभान के पास स्थित प्रसिद्ध मंदिर देवगढ़ धाम में भी सुबह से भक्तों का ताता लगने लगा था। शिवालयों में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। लोगों ने इस अवसर पर शिवजी का जलाभिषेक कर प्रसाद चढ़ाया, पूरे दिन मंदिरों में भीड़ बनी रही। वहीं सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भी उमड़ी रही जलाभिषेक के लिए। इस महाशिवरात्री शुभ अवसर पर लोगों ने कथा श्रवण कर भण्डारा का आयोजन कर श्रद्धालुओं को भोग कराया। क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों विशेष पूजन के बाद प्रसाद वितरण किए गए। शुक्रवार को सुबह से मंदिरों में ऊँ नमः शिवाय की गुंज थी। क्षेत्र का प्रसिद्ध स्थल देवगढ़ धाम व गोबरी जलाशय पर स्थित मंदिर के पास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया। देवगढ़ धाम स्थित मेले में बाकि वर्ष की तुलना में इस वर्ष काफी भीड़ देखने को मिली।

### चाक चौबंद व्यवस्था

देवगढ़ व गोबरी जलाशय मेले में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुबह 6 बजे से ही पटना व कटकोना पुलिस उपस्थित रही। इस दौरान पटना थाना व पाण्डवपारा प्रभारी की उपस्थिति में चाक चैबंद व्यवस्था रही।

### दान पुण्य के हुए कार्य

श्रद्धालुओं ने भगवान भोले नाथ की पुजा के बाद मंदिरों के बाहर बैठे गरीबों को अन्न व पैसे का दान किये। मंदिर के बाहर काफी संख्या में गरीब व्यक्ति बैठे रहे।

### फलों की जमकर हुइ बिक्री

शिवरात्रि के महापर्व मेले में फलों की बिक्री काफी हुई सभी लोग चढ़ावे व फलाहार के लिए फल खरिदे। उपासकों को देखते हुए मेले में फल की काफी दुकाने लगी थी। इसके बावजूद फल की बिक्री इतनी हुई की षाम तक दुकानदारों के पास फल नहीं बचे।

### मेले में पहुंचे लगभग 50 हजार से अधिक लोग

देवगढ़ धाम व बरदिया शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित मेले में काफी संख्या में लोग पहुंचे। जिस वजह से काफी भीड़ रही,भीड़ को देखते हुए मंदीर से 1 किमी दूर बैरीकेट लगा दिया गया था जहां पुलिस बल तैनात रहे। और किसी भी गाड़ियों को अंदर जाने नहीं दिया जिससे भीड़ को काफी हद तक काबू किया जा सका। दो पहिया व चार पहिया वाहनों को मैदान में खड़ा कराया गया। मेले की वजह से सड़कों में काफी भीड़ रहीं। इसे देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है 50 हजार से अधिक की संख्या में लोग पहुंचे।

## कार्यो में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध की जाएगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

# एसएसपी सूरजपुर ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक





-संवाददाता-
सूरजपुर 08 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कहा कि जिले की पुलिस ऐसे काम करें जिससे लोगो का पुलिस पर विश्वास और बढ़े तथा अपराधियों में पुलिस का खौफ़ हो, अपनी पीड़ा लेकर थाना-चौकी आने वाले फरियादियों की बातों को पूरे गंभीरता के साथ सुनते हुए कार्यवाही की जाए, पुलिस जवानों से लगातार संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं सुनते हुए निराकरण किए जाए, अवैध कारोबार करने वाला कोई भी व्यक्ति खुले में न घुमे इनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल की सलाखों के पीछे भेजे जाए, उक्त निर्देश उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने शुक्रवार, 08 मार्च को जिले के थाना-चौकी प्रभारियों के बैठक के दौरान दिए।

उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने सख्त लहजे में प्रभारियों को कहा कि अपराध, चालान, शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, एफआईआर दर्ज होने से ज्यादा निकाल की गति अधिक होनी चाहिए,थाना-चौकी के कार्यो की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, कार्यो में लापरवाही परिलक्षित होने पर संबंधित बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की विवेचना संवेदनशीलता के साथ करते हुए जल्द चालान पेश करने, बेसिक पुलिसिंग, निष्पक्ष व्यवहार एवं कठोर कार्यवाही से अवैध कार्य करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने, लंबित वारंटों की तामिली अधिक से अधिक करने, नशीली पदार्थों के सप्लाई चैन को पूर्ण रूप से नष्ट करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत कर संपत्ति संबंधी अपराध चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी आदि को रोकने के लिए अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने तथा रात्रि गस्त एवं पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने एवं सामुदायिक पुलिस के तहत वृहद स्तर पर स्कूल-कालेजों में जन जागरूकता के अभियान चलाने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान पुलिस की कार्रवाई पुख्ता हो, सभी प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने, सभी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की स्थिति, चुनाव ड्यूटी में आने वाले पैरामिलिट्री फोर्स के रूकने की व्यवस्था, शस्त्रों को थाना में जमा कराने, आदर्श आचरण संहिता, चुनाव संबंधी आवश्यक व महत्वपूर्ण निर्देश, पुलिस द्वारा रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में निर्देश दिए। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, परिवीक्षाधीन डीएसपी स्निग्धा सलामे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# किसान महासम्मेलन को लेकर प्रदेश में अभूतपूर्व उत्साह

## 09 मार्च को रायपुर मे किसान महासम्मेलन को संबोधित करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

-संवाददाता-
सूरजपुर 08 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा जिला सूरजपुर द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 09 मार्च को राजधानी के राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में किसान महासम्मेलन होगा।किसान महासम्मेलन को लेकर प्रदेश के किसानों में अभूतपूर्व उत्साह है। महासम्मेलन में लाखों किसान अपने ट्रैक्टर व अन्य साधनों से पहुंचकर शिरकत करेंगे। महासम्मेलन में प्रदेश की सभी मंडल इकाईयों का प्रतिनिधित्व होगा। किसान महासम्मेलन में देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार चाहर जी समेत राष्ट्रीय पदाधिकारियों का संबोधन होगा। प्रदेश के समस्त किसान भाइयों को इस सभा के लिए आमंत्रित किया गया है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने किसानों के सर्वतोमुखी कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है।



भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत भाजपा की प्रदेश सरकार ने कृषक उन्नति योजना को अमल में लाने की घोषणा की है। कृषक उन्नति योजना को तहत प्रदेश सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का वादा पूरा किया है जिसका लाभ सीधे किसान भाइयों को हो रहा है। 12 मार्च को प्रदेश की भाजपा सरकार चालू खरीफ सत्र की धान खरीदी की अंतर की राशि 917 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने जा रही है। इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा 1.47 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। पीएम किसान सम्मान योजना के तहत केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि की 16 वीं किश्त जारी की है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 38 लाख से ज्यादा किसानों के लिए 7 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा जारी हुए हैं।छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया और वादे के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर 13 लाख किसानों के खातों में 3,716 करोड़ रुपए दो साल के बकाया बोनस के तौर पर सीधे जमा किए गए। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकरण साहू ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 12 फरवरी से 10 मार्च तक ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत छत्तीसगढ़ में हो चुकी है। लगभग सभी जिलों में ग्राम पंचायत एवं मंडल स्तर तक कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के 10 साल में किए गए किसान हित के कार्यों को किसानों तक पहुँचाकर लाभान्वित किया जा रहा है।हमें सभी किसान भाइयों को परस्पर जोड़ना है और यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। भाजपा ही किसानों की भलाई के लिए सतत काम करती है। प्रदेश किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ता किसान महासम्मेलन के जरिए किसान भाइयों को जोड़कर किसान मोर्चा को मजबूत करेंगे।

# सरित माहेश्वरी ने एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख का पदभार किया ग्रहण

-संवाददाता-
कोरबा 08 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक सरित माहेश्वरी ने 4 मार्च 2024 से परियोजना प्रमुख के रूप में कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का कार्यभार ग्रहण किया । इन्होंने 1990 में ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के रूप में एनटीपीसी लिमिटेड में शामिल हुए एवं उनके पास एनटीपीसी के साथ लगभग 34 वर्षों का अनुभव है । उन्होंने पहले कॉरपोरेट सेंटर के अलावा दादरी, तालचेर थर्मल, तालचेर कनिहा, मजा जैसी अन्य एनटीपीसी इकाइयों में काम किया है । वे एक अनुभवी टेक्नोक्रेट और एक अनुभवी पावर प्रोफेशनल है, जिनके पास कोयला और गैस



आधारित स्टेशनों के संचालन और रखरखाव में समृद्ध और ज्वलंत अनुभव है । उन्होंने ईंधन प्रबंधन, गैस सोर्सिंग और संचालन सेवाओं में कॉर्पोरेट केंद्र में काम करने का अनुभव है । श्री माहेश्वरी मैकेनिकल इंजीनियर है और आईआईटी दिल्ली से पावर जेनरेशन टेक्नोलॉजी में उन्होंने एम.टेक की पढ़ाई भी की है साथ ही उन्होंने मार्केटिंग मैनेजमेंट में एमबीए भी किए है । श्री माहेश्वरी ने अपने व्यापक और ज्वलंत ज्ञान और अनुभव से कंपनी में योगदान दिया है और अब एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में उनका लक्ष्य कंपनी के आंतरिक और बाहरी हितधारकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के अनुरूप काम करना है ।

# सजग कोरबा के तहत शराब खोरी एवं असामाजिक तत्व वाले 43 लोगों पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा 08 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत रात्रि में अड्डा बाजी, शराब खोरी एवं असामाजिक तत्व वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा दिनांक 07/03/24 को पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया । ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में नशे में वाहन लोग ना चलाएं इसके लिए लगातार जांच कर कार्यवाही किया जा रहा है साथ ही पैम्प्लेट के माध्यम से भी लोगों को समझाइश दी जा रही है। पेट्रोलिंग एवं गस्त के दौरान देर रात्रि में अड्डा बाजी, शराब खोरी एवं असामाजिक तत्व के विरुद्ध सजग कोरबा के तहत अभियान भी चलाया जा रहा है द्व पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर कार्यवाही करते हुए पेट्रोलिंग के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके एवं आम जगह पर शराब का सेवन करने वाले, रात्रि में अड्डा बाजी, शराब खोरी एवं असामाजिक तत्व के विरुद्ध कोरबा पुलिस शक्ति से कार्यवाही करते हुए एक दिन में कुल 43 लोगों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही किया गया।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403020700048**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सन्: 2023-2024

नवागढ़ प.ह.न. 00013 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मो0 फिरोज,
अनावेदक पक्षकार - लोहरसाय

**ईश्तहार**

आवेदक मो0 फिरोज आ0 मो0 फारूख, निवासी नवागढ़, अम्बिकापुर,तहसील,अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नवागढ़ स्थित खसरा नंबर 28/1 रकबा 0.353 हे0 में से रकबा 0.020 हे0 भूमि को विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/03/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थि होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वनाथ गुप्ता आ0 कालीचरण निवासी बौरीपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2153/59, 2153/60, 2154/10 रकबा 0.002,0.006,0.004 हे0 भूमि को अनावेदक अंकित ठाकुर आ0 शंभू ठाकुर निवासी ब्रम्हरोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 16,01,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08/04/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

सील तहसीलदार,
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर जिला सरगुजा. (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शगुफ्ता सुलताना पत्नी मो0 इरफ़ान खान जाति मुसलमान निवासी एस.ई.सी.एल. विश्रामपुर तहसील विश्रामपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 2543/7 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा सेटलमेन्ट, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस नयायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय (रा.)
अम्बिकापुर

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर,छत्तीसगढ़**

बाबूपारा जेल रोड अम्बिकापुर फोन 07774-224498 फैक्स 224113

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 26/03/2024
निविदा आमंत्रण :- प्रथम आमंत्रण

| क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक व दिनांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 08/ 05/03/2024 | 153599 | लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग अम्बिकापुर के अंतर्गत स्टोर रूम, पार्कि ग सेड, पेवर ब्लॉक एवं अन्य कार्य की निविदा आमंत्रण बावत्। | रू. 29.38 लाख |

जी0नं0- 08368/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु-मण्डल
अम्बिकापुर (छ0ग0)

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास)**
**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,छत्तीसगढ़**

**-::निविदा आमंत्रण सूचना::-**

क्र. /963/निर्माण/आ0वि0/2023-24 मनेन्द्रगढ़,दिनांक.04/03/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ''द'' श्रेणी या उससे उपर के ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय नौढ़िया में कर्मचारी आवास का निर्माण (फेस-5) | भरतपुर | 19.80 |

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक - 26/03/2024 तक सांय 5:00बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक - 28/03/2024
3. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक - 01/04/2024
4. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - 02/04/2024 दोपहर 12:00 बजे से

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य 750.00 देय होगा।

जी0नं0- 08327/2

(उषा लकड़ा)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

# 6 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

### भूपेश बघेल को राजनांदगांव से टिकट

**रायपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** । एआईसीसी की बैठक में छग से 11 में से 6 लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सूची कांग्रेस की जारी की गई है। पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में शुक्रवार को प्रदेश की सभी 11 सीटों पर मंत्रणा हुई, और 6नाम फाइनल किए गए। पहली सूची में राजनांदगांव सीट से पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम पहले से तय माना जा रहा था। इसी तरह कोरबा सीट से मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत को फिर प्रत्याशी बनाने पर सहमति बनी है। दुर्ग से राजेन्द्र साहू के नाम पर मुहर लगी। महासमुंद सीट से पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को चुनाव मैदान में उतारा गया है। इसी तरह जांजगीर-चांपा सीट से पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया के नाम पर मुहर लग गई है।जांजगीर- शिव डहरिया,कोरबा-ज्योतस्ना महंत, राजनांदगांव-भूपेश बघेल, रायपुर-विकास उपाध्याय, महासमुंद - तामरध्वज साहू, दुर्ग से राजेद्र साहू के नाम घोषित कर दिए है।दिल्ली मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में केके वेणुगोपाल ने कांग्रेस के लोकसभा कैंडिडेट की पहली लिस्ट जारी की, राहुल वायनाड और भूपेश बघेल राजनांदगांव से लड़ेंगे। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट 8 मार्च को जारी कर दी। शुक्रवार शाम 7.15 बजे पार्टी ने 39 कैंडिडेट्स का ऐलान किया। इस लिस्ट के मुताबिक राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे। वे अभी भी वहीं से सांसद हैं। राहुल के अलावा भूपेश बघेल और शशि थरूर के नाम भी लिस्ट में हैं।कांग्रेस की पहली लिस्ट में 15 कैंडिडेट सामान्य (जनरल कैटेगरी), 24 उम्मीदवार एससी-एसटी,ओबीसी और माइनॉरिटी कैटेगरी से हैं। भाजपा ने 2 मार्च को 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 195 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। भाजपा की सूची के 5 दिन बाद कांग्रेस की पहली लिस्ट आई है।






# नक्सलियों की जायज मांग पूरी करेगी सरकार

**नक्सली रह चुकी महिलाओं ने बताया क्यों बनीं पुलिस कमांडो**

**रायपुर/दंतेवाड़ा,08 मार्च 2024 (ए)।** सीएम ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की प्रॉब्लम क्या है, सरकार से संवाद करें। उनकी जो जायज मांगें होंगी, उसको छत्तीसगढ़ की सरकार पूरा करेगी। साय ने महिला दिवस के दिन दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस की स्पेशल यूनिट महिला कमांडो से मुलाकात की।बता दें कि सीएम साय ने उन महिला कमांडो से मुलाकात की, जो नक्सल इलाके में नक्सलियों से लड़ती हैं। इस यूनिट में ऐसी महिलाएं भी शामिल हैं, जो पहले नक्सली रह चुकी हैं। परन्तु अब शासन की योजना का लाभ लेकर वे अब पुलिस ट्रेनिंग हासिल करके यह महिलाएं छत्तीसगढ़ पुलिस की कमांडो बनी है।

नारायणपुर की महिला कमांडो सुमित्रा साहू ने सीएम से सीधे बात की। सुमित्रा बोलीं- मैं 2004 से लेकर 2018 तक नक्सली थीं, नक्सलियों के जो अलग-अलग तरीके में काम होते हैं सभी का हिस्सा रही। मैंने नक्सली के रूप में 14 साल तक काम किया।

माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए भी मुख्यमंत्री गए। दंतेवाड़ा शहर के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। यहां क्षेत्र के विधायक, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी मयंक श्रीवास्तव भी मंच पर थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएएस सहित कई अफसरों की बदली जिम्मेदारी




**रायपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** राज्य सरकार ने आईएएस अफसरों की पोस्टिंग आदेश जारी किया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्त से लौटे आईएएसअविनाश चंपावत को सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है। चंपावत को पुनर्वास आयुक्त और भू अभिलेख का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं केंद्र में प्रतिनियुक्ति से ही लौटे मुकेश कुमार को सचिव वित्त पदस्थ किया गया है। मुकेश कुमार को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। आईएएसअंकित आनंद सचिव वित्त विभाग और योजना, आर्थिक विभाग से मुक्त किए गए हैं। अंकित आनंद को सचिव वाणिज्य उद्योग बनाए गए हैं। अंकित आनंद को योजना आर्थिक सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। आईएएस भुवनेश यादव सचिव मंत्रालय पदस्थ किए गए हैं। मोहम्मद कैसर अब्दुल हक सचिव पीएचई पदस्थ किए गए हैं।

# छ.ग.में महाशिवरात्रि का पर्व मतलब चांटीडीह का मेला...पूरे भारत वर्ष में मशहूर

**बिलासपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** महाशिवरात्रि का पर्व पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, ऐसे में देश भर के शिवालयों में शिव भक्तों के बीच खासा उत्साह देखने को मिलता है।. बिलासपुर के चांटीडीह में भी एक ऐसा प्राचीन मंदिर है, जहां भगवान शिव के दर्शन करने लोग दूर-दूर से पहुंचते हैं, बिलासपुर शहर में जब भी महाशिवरात्रि की बात होती है, तो चांटीडीह के मेले का जिक्र जरूर होता है।.बीते 100 साल से भी अधिक समय से यहां शिव मंदिर के पास महाशिवरात्रि के पर्व पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें न सिर्फ पूरे शहर बल्कि आसपास के इलाकों से भी लोग पहुंचते हैं और भगवान शिव के दर्शन के साथ मेले का आनंद लेते हैं, यहां स्थित शिवालय ने शहर के 100 साल के इतिहास को देखा है और शहर की 3 पीढ़ियों ने इस मंदिर और यहां के शिवरात्रि मेले की भव्यता को देखा है.।. सन 1933 में यहां स्थित मंदिर का निर्माण शुरू किया गया था, जिसे इसी क्षेत्र के रहने वाले मंगली प्रसाद सोनी ने बनवाया। दरअसल वो चारों धाम के तीर्थ यात्रा में गए थे वहां से लौटने के बाद उन्होंने शहर में कई मंदिरों का निर्माण कराया, जिसमें यह मंदिर भी शामिल है। मंदिर बनवाने के बाद उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से बातचीत करके यहां मिले की शुरुआत भी की थी, जो परंपरा आज तक चली आ रही है। मंगली प्रसाद के बाद परिवार के सदस्य ही इस मंदिर की देखरेख का काम करते आ रहे हैं। शहर के चांटीडीह इलाके में स्थित इस मंदिर में साल भर भक्त आते रहते हैं, लेकिन सावन के महीने में और शिवरात्रि के अवसर पर यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। शिव भक्त बड़ी दूर-दूर से इस शिवालय में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए आते हैं। लोगों की मान्यता है कि, यहां जल चढ़ाकर मांगी हुई हुई हर मुराद पूरी होती है।



# वंदे भारत ट्रेन अब दुर्ग से विशाखापट्टनम तक दौड़ेगी

**रायपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ को एक और वंदेभारत ट्रेन मिलने जा रही है। इस समय नागपुर से बिलासपुर तक एक वंदेभारत पूरी सफलता के साथ चल रही है। आज प्राप्त सूचनानुसार दूसरी वंदेभारत एक्सप्रेस दुर्ग से विशाखापट्टनम तक चलने वाली है। इसे 12 मार्च को हरी झंडी दिखाई जाएगी। रेलवे के कमर्शियल डिपार्टमेंट ने अपने टीटीई विंग को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए स्टाफ रिजर्व करने कहा गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह वंदेभारत एक्सप्रेस स्लीपर कोच वाली होगी या परंपरागत सिटिंग और चेयरकार वाली होगी। छत्तीसगढ़ से विशाखापट्टनम के लिए यात्रियों की अधिकता और कम समय में सफर की सुविधा की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह एक्सप्रेस शुरू करने का फैसला किया है। इस समय कोरबा से विशाखापट्टनम के लिए ओवर नाइट लिंक एक्सप्रेस के साथ पुरी, भगत की कोठी, समता एक्सप्रेस जैसी ट्रेने उपलब्ध है। एक दो दिन में वंदेभारत एक्सप्रेस की विस्तृत समय सारिणी जारी कर दी जाएगी।



# पूर्व सीएम भूपेश ने बीजेपी सरकार पर बोला हमला

**» मौन बैठे हैं सीएम और गृह मंत्री**

**» बढ़ रही नक्सली घटनाएं और फर्जी एनकाउंटर**



**रायपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सली घटना बढ़ रही है, 3 महीने में तीन घटना बस्तर में हो चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत हो रही है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री मौन बैठे हैं। नक्सली घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा है। उसके नाम से वसूली हो रही है । वसूली की गारंटी हो गई है। महिलाओं से पैसा वसूल रहे हैं। फर्जी एनकाउंटर और गिरफ्तारियां भी हो रही है. पुराना दौर फिर से शुरू हो गया है।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा, हाईकमान जो निर्देश करे, लड़ने की जिम्मेदारी दे रही है या लड़ाने की जिम्मेदारी दे रही है। सभी को पार्टी तय करेगी। सभी लोग चुनाव लड़ेंगे तो कोई लड़वाने वाला होना चाहिए, इसलिए मैंने इच्छा व्यक्त की थी. पार्टी तय करती है। आदेश हाईकमान का होगा मानना ही है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा, मिस कॉल से बीजेपी ने 10 करोड़ सदस्य बनाया है। महाभारत में कौरव की संख्या अधिक थी। कौरव तो बीजेपी हुई. धर्म युद्ध होगा तो जीतेंगे हम।

### 30 लाख महिलाओं को पहले ही काट दिया

आचार संहिता लगने से पहले महतारी वंदन योजना और किसानों को बीजेपी पैसा देने जा रही है. इस मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, विवाहित महिलाओं की संख्या प्रदेश में 1 करोड़ है. 30 लाख महिलाओं को पहले ही काट दिए। महतारी वंदन योजना की सूची में सीएम, पूर्व सीएम और मंत्रिमंडल के सदस्यों की पत्नी का नाम है कि नहीं है. है तो बताओ कहां है, नहीं है तो क्यों नहीं है ? आगे भूपेश बघेल ने कहा, अभी कोई वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। लोकसभा का चुनाव खत्म होगा, वैसी महिलाओं के नाम पर कटौती शुरू हो जाएगी. 70 लाख बोल रहे हैं। 30 लाख बच जाएंगे तो बड़ी बात होगी।

### 1200 करके 100 सस्ता किए हैं

गैस सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती और रामविचार नेताम के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। भूपेश बघेल ने कहा, राम विचार नेताम को सद्बुद्धि मिले. सिलेंडर का दाम 400 रुपए था, तब हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी धरने पर बैठी थी। अभी 1200 करके 100 सस्ता किए हैं। लूटने का काम किए हैं या फिर सहायता करने का काम किया है। इतनी बड़ी शादी हो रही है पैसा वहीं जा रहा है।



## मूवी आर्टिकल 370 छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की घोषणा

**रायपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** आर्टिकल 370 मूवी छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री कर दी गई है। आज इस बात की घोषणा मैग्नेटो माल में आर्टिकल 370 फिल्म देखने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय तथा मंत्रिमंडल के सहयोगी कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा विधायकगण भी मौजूद रहे। इस संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी विचारधारा एक देश, एक विधान, एक निशान को लेकर है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 इस बुनियादी विचारधारा से असंगत थी। हमारे नेताओं ने आजादी के बाद से ही इसका कड़ा विरोध किया। धारा 370 को हटाने का संकल्प हमने लिया था। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प पूरा हुआ। आज कश्मीर शांति की ओर बढ़ रहा है। भारत की एकता को लेकर यह बड़ा काम मोदी जी ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूवी में कश्मीर के हालात को बहुत अच्छी तरह से दिखाया गया है और यह बताया गया है कि किस तरह से आर्टिकल 370 की वजह से कश्मीर विकास की राह में पिछड़ रहा था और इसे खत्म करने के लिए हमारे नेताओं ने कितना कठिन संघर्ष किया। इस मौके पर सांसद सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, विधायक खुशवंत साहेब, विधायक संपत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय सट्टेबाजों के गिरोह के साथ पकड़ाए छत्तीसगढ़ के 6 सटोरिए

**रायपुर/जबलपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** सटोरियों का संपर्क महाराष्ट्र से होने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने 11 सटोरियों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ललपुर रोड स्थित सुखसागर लाईफस्टाइल अपार्टमेंट की पार्किंग में सट्टा होने की सूचना पर दबिश दी गई थी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए 11 लागों को पकड़ा है।



मोबाइल की व्हाटसऐप चैट चैक करने पर व्हाटसऐप में क्लाइंट के द्वारा आनलाइन गेम खेलकर पैसे कमाने की बेवसाइट में लागिन आईडी एवं पासवर्ड मांग करने की जानकारी प्राप्त हुई। सटोरियों ने पूछताछ पर बताया कि व्हाटसऐप के माध्यम से क्लाइंट से आईडी पासवर्ड की रिक्वायरमेंट प्राप्त करते हैं तथा उन्हें रुपए के बदले बेबसाईट की आईडी पासवर्ड देते हैं। आईडी पासवर्ड प्राप्त कर क्लाइंट मनचाहा गेम खेलते हैं। प्रतिदिन मिलने वाली रकम से कमीशन काटकर दीपेश धनवानी को आनलाइन या नगद रकम दे देते हैं। मेहनताना के रूप में 15 हजार से 20 हजार रुपए प्रतिमाह दीपेश धनवानी देता है। आरोपियों ने बताया उनका मैनेजर दीपेश धनवानी मदनमहल स्थित शिवहरे अपार्टमेंट में अपने अन्य साथियों के साथ सहायता करने के लिए काम करता है।

छत्तीसगढ़ में दबिश, दूसरे जिले भाग रहे सटोरिए- महादेव सट्टा के बुकियों ने पिछले कुछ महीनों से पुलिस की नींद हराम कर रखी है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों की पुलिस लगातार कार्रवाई कर महादेव बुक सट्टा ऐप के पैनल को ध्वस्त कर चुकी है, इसके बावजूद लागातार सट्टे का व्यापार फल फूल रहा है। महादेव सट्टा के सरगना दुबई में बैठकर पूरी प्लानिंग के साथ करोबार कर रहे हैं। छत्तीसगढ में चल रही कार्रवाई से सटोरिए जिला और प्रदेश छोड़कर इधर-उधर अपना ठिकाना बना रहे हैं।

# ऑटो पलटने से 3 लोगों की मौत

**जगदलपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** महाशिवरात्रि पर चित्रकोट स्थित शिव मंदिर जा रही सवारियों से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में 2 मासूम बच्चों समेत एक महिला की मौत हो गई, वहीं 15 घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया। लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि ऑटो चालक पवन अपने ऑटो में 15 से अधिक सवारी जिसमें किलेपाल के अलावा अन्य जगहों से सुरडी 40 वर्ष, काडो 44 वर्ष, श्यामलाल 35 वर्ष, पुष्पा 15 वर्ष, श्यामबति 35 वर्ष, दशरथ 30 वर्ष, समारू 36 वर्ष, रामूराम 45 वर्ष, मुकेश 10 वर्ष, संगीता 25 वर्ष के अलावा अन्य सवारियों को बैठाकर चित्रकोट स्थित शिव मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था, तभी गरदा घाटी में ऑटो ढलान के कारण ब्रेक नहीं लग पाया और ऑटो पलट गई। इस हादसे में ऑटो में सवार 2 मासूम बच्चे और एक महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें 108 से पहले बड़े किलेपाल अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें मेकाज भेज दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही कोड़ेनार थाना के अलावा लोहंडीगुड़ा की टीम मौके पर पहुँच बचाव कार्य शुरू करने के साथ ही घायलों को अस्पताल लाया गया।





# टीआई हुआ निलंबित

**हत्याकांड जांच में लापरवाही हुई कार्यवाही**

**बिलासपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने हत्याकांड जाँच में लापरवाही बरतने वाले टीआई जेपी गुप्ता को निलंबित कर दिया है। बता दें कि पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड को न्यायालय मे प्रस्तुत नही किया था, जिस पर एसपी ने यह एक्शन लिया है।

सरकंडा थाना अंतर्गत खमतराई मे फरवरी माह को जिस प्रकार से इंसानियत की हदे पार हुई थी उसे सोचकर रूह भी कांप जाती है। आरोपियो ने पीट-पीटकर पंकज उपाध्याय की हत्या कर दी थी। वही दूसरे युवक को गंभीर कर दिया गया था। इस घटना की जांच मे लापरवाही बरतने और निर्देशो का पालन नही करने पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने तत्कालीन सरकंडा टीआई जेपी गुप्ता को निलंबित कर दिया है।

# 6 वीं क्लास की छोटी बच्चियों को कमरे में बुलाकर टीचर करता था गन्दी हरकतें

**बिलासपुर,08 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के न्यायधानी कहे जाने वाले बिलासपुर शहर से एक बेहद ही शर्मसार कर देने वाली हरकत सामने ऐसे हैं. जिसे पढ़कर आप भी शर्मसार हो जाएंगे। दरअसल एक स्कूल के शिक्षक द्वारा लंबे समय से छात्राओं से अश्लील हरकत करता था।परिजनो की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम भेजी। मगर अब घटना को दबाने का प्रयास किया जा रहा। मामले में नया मोड़ आया, जब स्कूल के हेड मास्टर और शिक्षिका ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख जान बचाने की गुहार लगाई। डीईओ को लिखे पत्र में हेड मास्टर और शिक्षिका ने बताया है कि 5 मार्च को जांच टीम आई थी। इसके बाद 6 मार्च को 2 लोग स्कूल में आए और हेड मास्टर और शिक्षिका को धमकी देने लगे। इतना ही नहीं उन लोगों ने शिक्षक कमलेश साहू के पक्ष में दस्तावेज की मांग करने लगे। जांच टीम को बुलाने को लेकर भी लगातार धमकी देते रहे।इसे देखते हुए दोनों ने कलेक्टर से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।






प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)